तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 16 सितंबर 2026

निजी अस्पतालों की दिलचस्पी कम

आभा कार्ड तैयार करने के मामले में सरकारी अस्पताल की तुलना में प्रायवेट वाले कम दिलचस्पी ले रहे। एबीडीएम की वेबसाइट के मुताबिक, राज्य में 57 प्रतिशत आईडी सरकारी अस्पताल में तैयार किए गए हैं और करीब 43 फीसदी डिजिटल हेल्थ रिकार्ड आईडी निजी अस्पताल में बनाए गए हैं। एनएमसी ने मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में आने वाले मरीजों के डेटा में आभा आईडी को अनिवार्य किया है।

देशभर में 13वें नंबर पर सीजी, एमपी-ओडिशा आगे

देशभर में आभा आईडी बनाने के मामले में छत्तीसगढ़ का स्थान 13वां है। इससे आगे राज्यों में मध्यप्रदेश, बिहार, ओडिशा, शामिल है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के मुकाबले डिजिटल आईडी के पंजीयन में केरल, असम, हरियाणा, दिल्ली जैसे राज्य पीछे हैं। सबसे ज्यादा हेल्थ आईडी तैयार करने के मामले में उत्तरप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र टॉप थ्री में शामिल हैं।

मरीजों की 'हेल्थ कुंडली' बनाने में रायपुर अव्वल, दंतेवाड़ा-जीपीएम सबसे पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत छत्तीसगढ़ के मरीजों की डिजिटल हेल्थ कुंडली यानी आभा आईडी तैयार की जा रही है। राज्य में अब तक 2.64 करोड़ से ज्यादा लोगों की डिजिटल आईडी तैयार कर ली गई है, जिसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जैसे जिले अव्वल हैं। अस्पताल जाते वक्त डाक्टरी पर्चा, जांच रिपोर्ट सहित अन्य तरह का कागजी ब्योरा डिजिटल करने के काम में दंतेवाड़ा और गौरेला-पेंड्रा जैसे जिले काफी पीछे हैं।

एबीडीएम अभियान के तहत सरकारी और निजी अस्पताल में आने वाले मरीजों का हेल्थ रिकार्ड डिजिटल करने का काम देशभर में किया जा रहा है। आभा कार्ड 14 अंकों की एक विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य पहचान संख्या है। इसके माध्यम से मरीज का संपूर्ण मेडिकल इतिहास, जैसे डॉक्टरों के पर्चे, पैथोलॉजी रिपोर्ट, एक्स-रे और पुरानी बीमारियों का ब्योरा डिजिटल रूप से सुरक्षित रखा जाता है। आपात स्थिति में किसी मरीज के अस्पताल जाने के दौरान केवल आईडी बताने पर डाक्टर कंप्यूटर पर उसका मेडिकल रिकार्ड देख सकते हैं, यानी मरीज को अस्पताल जाने के दौरान अपने पुराने पर्चे ले जाने की जरूरत नहीं है। इसके माध्यम से देशभर के किसी भी पंजीकृत अस्पताल में डाक्टर को सहमति देकर मेडिकल हिस्ट्री दिखाई जा सकती है और इसके माध्यम से मरीज का तुरंत उपचार शुरू किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में भी कार्ड बनाने का काम जारी है और इस मामले में रायपुर जिला अव्वल है। इसके अलावा बिलासपुर, दुर्ग दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं, जबकि कोरिया, दंतेवाड़ा, जीपीएम आभा आईडी बनाने की सूची में अंतिम पायदान पर हैं।

राज्य में अब तक 2.64 करोड़ मरीजों की डिजिटल आईडी हो चुकी तैयार

डाक्टरी पर्चा जांच रिपोर्ट सहित अन्य कागजी ब्योरा संभालने का झंझट खत्म

आभा आईडी बनाने वाले (लाख में आंकड़े)

सबसे ज्यादा	
रायपुर	22.1
बिलासपुर	17.8
दुर्ग	16.0
जांजगीर	15.6
नांदगांव	14.4
सबसे कम	
गरियाबंद	6.5
कोंडागांव	5.9
कोरिया	4.9
दंतेवाड़ा	2.9
जीपीएम	2.8

खबर संक्षेप

लूटपाट करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। लूटपाट प्रकरण में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक घटना में पुरानी बस्ती थानांतर्गत 4 सितंबर को महामाई फैंसी स्टोर्स के पास बाइक सवार दो अज्ञात लड़के एक व्यक्ति से दो हजार रुपए लूटकर फरार हो गए थे। वहीं अन्य एक घटना में इसी दिन टिकरापारा क्षेत्र अंतर्गत मठपारा स्थित दुर्गा चौक पास अज्ञात 6 आरोपी प्रार्थी को चाकू से डरा-धमकाकर उसका मोबाइल एवं नकदी रकम 1900 रुपए लूटकर फरार हुए थे। पुलिस ने इन दोनों प्रकरणों में जांच करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें गजेंद्र यादव उर्फ गोल्डी निवासी नूतन स्कूल के पास टिकरापारा, डिगेंद्र ध्रुव उर्फ बब्बू निवासी साहू मोहल्ला टिकरापारा, रितेश विश्वास निवासी नंदी चौक साहू गली टिकरापारा, भवम साहू निवासी साहू मोहल्ला टिकरापारा, सुभेद कुमार हुमने उर्फ सुमेन निवासी नंदी चौक साहू मोहल्ला एवं एक नाबालिग लड़का है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

शराब के साथ 3 गिरफ्तार

रायपुर। मंदिर हसौद पुलिस ने अवैध रूप से शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एचपी पेट्रोल पंप ओवरब्रिज के पहले आरोपी मुकेश यादव निवासी इंदिरा कॉलोनी मंदिर हसौद के कब्जे से 33 पौवा देशी शराब एवं बिक्री की नकदी रकम 520 रुपए जब्त किया। इसी प्रकार जुगेसर मोड़ चंदखुरी फार्म के पास से आरोपी ज्ञानचंद उर्फ मनोज प्रजापति निवासी ग्राम जुगेसर के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब एवं बिक्री की नकदी रकम 890 जब्त की है। वहीं चंदखुरी बस्ती पौनी पसारी बाजार के पास से आरोपी भेदू राम चतुर्वेदी निवासी चंदखुरी बस्तीपारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 35 पौवा देशी शराब एवं बिक्री की रकम 750 जब्त की है। तीनों प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

चाकू लेकर घूमते धरे गए तीन बदमाश

रायपुर। गणेशोत्सव एवं आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए नॉर्थ जोन पुलिस लगातार गुंडे-बदमाशों की धरपकड़ कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को चाकू लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें खिलेश निर्मलकर निवासी भरत नगर, शुभम राव मूले निवासी विकास नगर गुढ़ियारी तथा हिमांशु वर्मा निवासी उरला को गिरफ्तार किया है। इन तीनों के कब्जे से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बीते शुक्रवार सदर बाजार में भरभराकर गिरा था दशकों पुराना घर

जर्जर भवनों की सूची में राजधानी के 47 स्कूल, खपरैल की छत, दरवाजों का बोझ सहने से दीवारों का इंकार

केस 1

छोटापारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की छत खपरैल की है। यहां दीवारें आधी झुक चुकी हैं, जो हल्के बल प्रयोग से ही धराशायी हो जाएगी। कमजोर हो चुकी दीवारें दरवाजों का साथ छोड़ चुकी हैं। ऐसे में सुरक्षा की उम्मीद बेईमानी है।

केस 2

अमीनपारा के शासकीय प्राथमिक शाला में प्लास्टर के हिस्से गिरते रहना सामान्य घटना है। छात्र-पालकों, शाला प्रबंधन सहित स्थानीय प्रतिनिधि भी शासन-प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा।

केस 3

ठाकुर अनिरुद्ध सिंह विद्यालय के जर्जर हो चुके हिस्से को तोड़ दिया गया है, लेकिन मलबे को हटाया नहीं गया है और ना ही नए भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। सड़ चुकी लोहे की रॉड सहित कई खतरनाक चीजें इस मलबे में हैं, जिससे बच्चों के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। कुशालपुर स्थित इस विद्यालय के ऊपरी कक्ष में बारिश में सीलन की समस्या भी बनी रहती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बीते शुक्रवार को देर रात सदर बाजार में दशकों पुराने एक भवन के ढह जाने के बाद नगर निगम ऐसे भवनों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है, जो पुराने हैं और जिन्हें डिस्मेंटल सूची में रखा गया है। भवनों के साथ-साथ रायपुर में ऐसे स्कूल भी हैं, जिन्हें जिला शिक्षा कार्यालय स्वयं जर्जर घोषित कर चुका है। सूची के अनुसार ऐसे स्कूलों की संख्या 47 है। अपवादस्वरूप कुछ स्कूलों को छोड़कर शेष भवन अब भी यथावत हैं और यहां अब भी कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। हरिभूमि ने सूची में शामिल ऐसे ही स्कूलों की पड़ताल की और वहां की जमीनी स्थिति जानी। छात्रों के अनुसार, उन्हें सर्वाधिक दिक्कत बारिश के मौसम में होती है, लेकिन अन्य दिनों भी खतरा बना रहता है।

शासकीय प्राथमिक शाला छोटापारा

प्रत्येक वर्ष जारी होता है फंड

स्कूल शिक्षा विभाग प्रत्येक वर्ष सभी जिलों से जर्जर हो चुके अथवा मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की सूची मंगाता है। निरीक्षण के बाद सूची अनुसार फंड जारी किए जाते हैं। तत्पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ होता है। इस पूरी प्रक्रिया में कई बार इतना अधिक विलंब विभिन्न स्तर पर कर दिया जाता है कि सत्र ही समाप्त हो जाता है और नए सत्र से पुनः प्रक्रिया शुरू की जाती है।

विद्यालयों की दो श्रेणियां

जर्जर हो चुके स्कूलों को दो श्रेणियों में रखा गया है। इनमें प्रथम श्रेणी उन विद्यालयों की है, जो पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके हैं। जबकि दूसरी श्रेणी उन स्कूलों की है, जिनके कुछ हिस्से अथवा कुछ कक्ष ही जर्जर हुए हैं। पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके स्कूलों की स्थिति अधिक चिंतनीय है, क्योंकि विद्यार्थियों अथवा प्रबंधन के पास यहां अध्ययन के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसके विपरित जिन स्कूलों का एक हिस्सा अथवा कुछ कक्ष ही जर्जर है, वहां अन्य कक्ष में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। हालांकि ऐसे स्कूलों में भी कमरे कम होने की स्थिति में जर्जर हिस्सों का भी प्रयोग अध्ययन के लिए किया जा रहा है।

पीएचई की रिपोर्ट में बड़ा झोल अफसर बता रहे 318 कार्य पूर्ण सेंट्रल पोर्टल में 433 दिखा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में केंद्र की योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों की रिपोर्ट तैयार करने में बड़े झोल की आशंका बनी हुई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायपुर द्वारा हाल ही में एक आंकड़ा पेश किया गया है, जिसमें जिले के 477 ग्रामों में से 318 में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण होना बताया गया है, वहीं दूसरी ओर केंद्र के पोर्टल में कुछ और ही आंकड़ा सामने आया है। पोर्टल के अनुसार जिले में 433 ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इनमें 321 ग्रामों में कार्य पूर्ण होने के लिए प्रमाणित भी किया है। इस तरह पीएचई अफसरों के अनुसार जिले में 158 ग्रामों में अब तक कार्य अधूरे हैं। विभाग के आंकड़े सही है तो पोर्टल के आंकड़े कहीं न कहीं गलत हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायपुर के कार्यपालन अभियंता अनिल बच्चन ने हाल ही में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में हुई जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में जिले में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत किए गए कार्यों का आंकड़ा प्रस्तुत किया है। इन आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 477 ग्रामों को इस योजना में शामिल किया गया है, जहां घर-घर नल कनेक्शन से पानी पहुंचाने के लिए पानी टंकी निर्माण से लेकर पाइपलाइन बिछाने एवं घर-घर कनेक्शन देने के कार्य किए जा रहे हैं। पीएचई अफसर के अनुसार, वर्ष 2019 से शुरू हुई इस योजना के तहत चयनित ग्रामों में से अब तक 318 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, वहीं 158 ग्रामों में अब तक कार्य अपूर्ण हैं। जिन ग्रामों में कार्य पूर्ण और अपूर्ण हैं, विभाग ने इसकी सूची भी जिला पंचायत सदस्यों को उपलब्ध कराई है।

पीएचई के कार्य पूर्ण-अपूर्ण ग्रामों की संख्या

	पूर्ण	अपूर्ण
अभनपुर	74	30
आरंग	109	48
धरसींवा	60	23
तिल्दा	75	57

पोर्टल में दिए आंकड़ों से मेल नहीं

ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों का आंकड़ा सेंट्रल पोर्टल के आंकड़ों से बिल्कुल मेल नहीं खा रहा है। दोनों आंकड़ों में 26 ग्रामों का अंतर है। यहीं नहीं, पोर्टल में जिन 433 ग्रामों में कार्य पूर्ण होने की सूचना है, उनमें से 321 ग्रामों में कार्य पूर्णता के भौतिक सत्यापन की भी बात कही गई है। इन 321 ग्रामों में कार्य पूर्ण होने के प्रमाणित की भी सूचना है, जबकि विभाग के आंकड़ों के अनुसार 318 ग्रामों में ही कार्य पूर्ण हो पाए हैं। सूत्रों के अनुसार, इनमें भी कई ग्राम पंचायतों से कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र विभाग को अब तक नहीं मिल पाया है।

राजधानी में 500 से ज्यादा गणेश पंडाल, बिजली कनेक्शन लिया सिर्फ 110 ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में पांच सौ से ज्यादा छोटे-बड़े गणेश पंडालों में गणपति विराजमान हुए हैं। इन पंडालों में से महज 110 ने ही अस्थाई बिजली कनेक्शन लिए हैं। बहुत से पंडालों ने आसपास से भी बिजली लेकर अपने पंडालों को रोशन किया है। इसको लेकर पॉवर कंपनी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किसी पंडाल में सीधे बिजली के तारों से अवैध कनेक्शन लिया गया होगा तो ऐसे पंडालों के खिलाफ पॉवर कंपनी ने एक्शन की तैयारी की है। चोरी की बिजली से गणेश पंडालों को रोशन करने पर बिजली कनेक्शन कट किए जाएंगे। पॉवर कंपनी, हर जोन की टीम लगातार अपने क्षेत्र के गणेश पंडालों की निरीक्षण कर रही है। अब तक किसी पंडाल में अवैध कनेक्शन नहीं मिला है। ⏭ शेष पेज 13 पर

- पॉवर कंपनी लगातार कर रही जांच

भाजपा नेता की दबंगई, थानेदार के दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़, देखते रह गए पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में एक कथित भाजपा नेता द्वारा थानेदार के दफ्तर में जाकर गुंडागर्दी करते हुए तोड़फोड़ करने की घटना सामने आई है। मामला गुढ़ियारी थाने का है। बताया गया कि पुलिस ने प्रतिबंध के बाद भी डीजे बजाने के मामले में कार्रवाई करते हुए गाड़ी सहित डीजे सिस्टम को जब्त किया। इसे लेकर एक भाजपा नेता अपने कुछ समर्थकों के साथ थाने जा पहुंचा और पहले थानेदार से डीजे को जब्ती बनाए जाने की बात पर जमकर विवाद किया। इसके बाद अपनी पहुंच का हवाला देते हुए जब्त डीजे को छोड़ने के लिए दबाव डाला। थानेदार ने जब उसकी बात नहीं मानी तो वह गुंडागर्दी पर उतर आया और दफ्तर में ही तोड़फोड़ कर दी। हालांकि इस घटना ⏭ शेष पेज 13 पर

- पुलिस द्वारा जब्त किए गए डीजे को छुड़ाने के दौरान विवाद कर मचाया जमकर उत्पात

एलईडी टीवी सहित कुर्सी, टेबल वायरिंग को पहुंचाया नुकसान

थाना प्रभारी के दफ्तर में की गई तोड़फोड़ से शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। भाजपा नेता ने दफ्तर में लगी एलईडी टीवी, वायर-केबल, टेबल, कुर्सी को तोड़फोड़ की है। तोड़फोड़ की घटना के समय थाने में मौजूद थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मचारी भी हैरान थे। सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने अपनी नेतागिरी की धौंस दिखाते हुए दफ्तर में तोड़फोड़ की। इसे देखते हुए पुलिस भी कुछ समय के लिए उसे रोक नहीं पाई। यहीं कारण है कि तोड़फोड़ करने के बाद भी उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

स्थानीय परिवारों के बीच रहकर जान सकेंगे जनजातीय संस्कृति-ग्रामीण जीवन

गांवों में पर्यटक अब करीब से देख सकेंगे जनजातीय जीवन, 30 होम स्टे की योजना, एक गांव में पांच बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जशपुर में जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत बगीचा-मयाली-जशपुर क्लस्टर में क्लस्टर आधारित होम स्टे परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत छह जनजातीय गांवों में कुल 30 होमस्टे विकसित किए जाएंगे। परियोजना पर करीब 1.80 करोड़ रुपए खर्च प्रस्तावित है। परियोजना के दायरे में किंकेल, कमतरा, डंगरी, महनई, सरुधाप और पंडरापाठ गांव को शामिल किया गया है। प्रत्येक गांव में पांच होमस्टे तैयार किए जाएंगे। होमस्टे के साथ गांवों में पर्यटकों के लिए आवश्यक सामुदायिक सुविधाओं के विकास का भी प्रावधान किया गया है। प्रत्येक गांव में सामुदायिक सुविधाओं के लिए पांच लाख रुपए तक के कार्य प्रस्तावित हैं।

अलग खबर

- बगीचा-मयाली-जशपुर क्लस्टर के छह गांवों में होगा विकास, स्थानीय परिवारों को मिलेगा रोजगार

होटल नहीं, गांव में मिलेगा स्थानीय जीवन का अनुभव

इस परियोजना का उद्देश्य पर्यटन को केवल होटल और बड़े पर्यटन स्थलों तक सीमित रखने के बजाय स्थानीय समुदाय को इससे सीधे जोड़ना है। होम स्टे शुरू होने के बाद पर्यटक स्थानीय परिवारों के साथ रहकर जशपुर की जनजातीय संस्कृति, खानपान, परंपराओं और ग्रामीण जीवन को करीब से जान सकेंगे। इससे पर्यटन से होने वाली आय का सीधा लाभ स्थानीय परिवारों तक पहुंचने की उम्मीद है। क्लस्टर में शामिल गांवों का चयन उनकी पर्यटन ⏭ शेष पेज 13 पर

युवाओं और महिलाओं को भी जोड़ा जाएगा

परियोजना के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिलाओं को भी पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने की योजना है। इन्हें आतिथ्य, स्थानीय व्यंजन, गाइडिंग और अन्य पर्यटन सेवाओं से जोड़े जाने की संभावना है। इससे गांवों में पर्यटन आधारित स्वरोजगार के नए अवसर विकसित हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक सौमिल रंजन चौबे ने बताया कि पर्यटन का लाभ केवल बड़े पर्यटन स्थलों या होटल व्यवसाय तक सीमित न ⏭ शेष पेज 13 पर

पढ़ाई छोड़ चुके शिक्षक फिर से कर सकेंगे डिप्लोमा इन प्राइमरी एजूकेशन, थोक में अर्जी के बाद फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने उन पारा शिक्षकों को राहत दी है जो किसी कारणवश डीपीई प्रोग्राम पूरा नहीं कर पाए थे। विश्वविद्यालय ने उन्हें यह प्रोग्राम दोबारा पूरा करने का एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की ओर से डीपीई अर्थात डिप्लोमा इन प्राइमरी एजूकेशन का संचालन वर्ष 2005 से 2019 तक किया गया था। इसके बाद इस प्रोग्राम को बंद कर दिया गया। इग्नू के अनुसार, कई शिक्षक निर्धारित अवधि में डीपीई प्रोग्राम पूरा नहीं कर सके थे। ऐसे शिक्षकों की ओर से लगातार इग्नू कार्यालय से प्रोग्राम पूरा करने के लिए एक और अवसर देने का अनुरोध किया जा रहा था। उनके अनुरोध को देखते हुए इग्नू ने डीपीई पूरा नहीं कर सके पारा शिक्षकों को एक और मौका देने का निर्णय लिया है। इस फैसले से उन शिक्षकों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो किसी कारण से डीपीई प्रोग्राम पूरा नहीं कर सके थे। हालांकि, अवसर का लाभ लेने के लिए आगे की प्रक्रिया और समय-सीमा की जानकारी इग्नू की ओर से जारी की जाएगी।

खास बातें

- 2005 से 2019 तक संचालित किया गया था यह पाठ्यक्रम
- निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर सके थे शिक्षक

टर्म एंड एग्जाम के आवेदन प्रारंभ

इग्नू ने दिसंबर की टर्म-एंड-परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बिना लेट फीस के फॉर्म 30 सितंबर तक और लेट फीस के साथ 15 अक्टूबर तक जमा किया जा सकेगा। छात्र समर्थ पोर्टल पर लॉगिन करके ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरते समय छात्रों को अपने परीक्षा केंद्र और योग्य कोर्स का चयन सावधानीपूर्वक करने कहा गया है।

30 तक भर सकेंगे फीस

छात्र 10 सितंबर से 30 सितंबर तक बिना लेट फीस के परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक थ्योरी कोर्स की फीस 200 रुपये तय की गई है। इसके पश्चात 15 अक्टूबर तक भी फॉर्म जमा किए जा सकेंगे, लेकिन इस अवधि में 200 रुपए प्रति थ्योरी कोर्स के साथ 1,100 रुपये लेट फीस देनी होगी। विवि ने फीस का भुगतान करने से पूर्व वैध रजिस्ट्रेशन और पढ़ाई की जरूरी अवधि पूरी होने जैसी पात्रता शर्तों को भी जांचने का निर्देश छात्रों को दिया है। जिन विषयों में जरूरी हो, वहां असाइनमेंट जमा होना भी अनिवार्य है। टर्म एंड एग्जाम में छात्र अपने प्रोग्राम के उन थ्योरी कोर्स की परीक्षा देते हैं, जिनके लिए वे पात्र हैं। परीक्षा में शामिल होने के लिए वैध रजिस्ट्रेशन, कोर्स की न्यूनतम अवधि पूरी करना और जहां लागू हो वहां असाइनमेंट जमा करना जरूरी होता है।

खबर संक्षेप

राज्यपाल डेका ने किया चक्रधर समारोह का शुभारंभ

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने संगीत, नृत्य और कला की समृद्ध परंपरा से जुड़ी रायगढ़ की धरती पर 41वें अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह का सोमवार को महाराजा चक्रधर की तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत भव्य शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि यह आयोजन केवल कला प्रस्तुतियों का मंच नहीं, बल्कि महाराजा चक्रधर सिंह की कला-साधना और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। 14 से 23 सितम्बर तक रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों के साथ स्थानीय प्रतिभाएं भी गायन, वादन, नृत्य और लोककला की प्रस्तुतियां देंगी।

मंत्री की पहल पर 48 घंटे में दिव्यांग को मिली ट्राइसिकिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी सोच और जरूरतमंदों तक योजनाओं का त्वरित लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता का संवेदनशील उदाहरण सूरजपुर जिले में सामने आया है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से विकासखंड ओड़गी के ग्राम इन्द्रपुर निवासी दिव्यांग सुश्री रनिया सिंह को आवेदन प्रस्तुत करने के महज 48 घंटे के भीतर ट्राइसिकिल उपलब्ध करा दी गई। मंत्री की संवेदनशील पहल से अब सुश्री रनिया सिंह के लिए आवागमन आसान होने के साथ ही आत्मनिर्भरता की राह भी सुगम हुई है। ग्राम इन्द्रपुर निवासी सुश्री रनिया सिंह पिता श्री मानसाय सिंह, शारीरिक रूप से चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भर थी । उनकी समस्या की जानकारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तक पहुंची। मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर ट्राइसिकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

हर जरूरतमंद परिवार को मिलेगा सम्मानजनक आवास

रायपुर। सरगुजा दौरे के दौरान नगर पंचायत लखनपुर पहुंचे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनसे आत्मीय संवाद किया। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण की स्थिति, योजना से मिले लाभ तथा आवास से जुड़ी आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार गरीब तथा जरूरतमंद परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी संकल्प का महत्वपूर्ण उदाहरण है, जिसके माध्यम से अनेक परिवारों को अपने पक्के घर का सपना साकार करने का अवसर मिला है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल मकान निर्माण की योजना नहीं है, बल्कि यह गरीब परिवारों के सम्मान, स्वाभिमान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण पहल है।

विजय शर्मा बस्तर, अरुण साव बिलासपुर, ओपी चौधरी दुर्ग और तोखन साहू सरगुजा के कार्यक्रम में रहेंगे

राजधानी में कल जलेंगे 25 लाख आशीर्वाद दीये, मुख्यमंत्री साय जलाएंगे पहला दीया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को प्रदेश में भाजपा संगठन द्वारा आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें प्रदेशभर में डेढ़ करोड़ से ज्यादा दीये जलाए जाएंगे। राजधानी रायपुर में 25 लाख दीये जलाने की तैयारी कर ली गई है। तेलीबांधा तालाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहला दीया जलाकर कार्यक्रम का प्रारंभ करेंगे। बस्तर के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय शर्मा, बिलासपुर में डिप्टी सीएम अरुण साव, दुर्ग में ओपी चौधरी, सरगुजा में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू रहेंगे। प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े महादेवघाट रायपुर के कार्यक्रम में रहेंगी। प्रदेश के मंत्री भी अलग-अलग जिलों के कार्यक्रम में रहेंगे। प्रदेश के सांसद और विधायक अपने-अपने क्षेत्र के कार्यक्रम में रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में 25 साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक एक माह का कार्यक्रम तय किया है। इसमें रोज अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। पहले दिन का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होगा। इस कार्यक्रम का नाम आशीर्वाद दीया दिया गया है। इसके लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने बड़ी तैयारी की है।

तेलीबांधा तालाब के पास होगा बड़ा कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में 25 साल पूरे होने के कारण राजधानी रायपुर में भाजपा संगठन ने 25 लाख दीये जलाने का फैसला किया है। राजधानी तेलीबांधा में होने वाले इस बड़े कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। इसी के साथ रायपुर के चारों विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे सहित राजधानी के जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, प्रदेश के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। एक कार्यक्रम महादेवघाट में भी होगा।

मिट्टी और गोबर के दीये

राजधानी के कार्यक्रम के लिए भाजपा संगठन ने 25 लाख दीयों का इंतजाम किया है। शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया दीये मिट्टी और गोबर के ही रहेंगे। इन सभी दीयों में मोमबती के छोटे दीये लगाकर दीये जलाए जाएंगे, ताकि तेल और बाती की जरूरत न पड़े। उन्होंने बताया, गोबर के दीये आर्डर देकर बनवाए गए। करीब 13 लाख गोबर के दीये बहुत जल्दी बनकर मिल गए। इसी के साथ करीब 12 लाख मिट्टी के दीयों का इंतजाम किया गया है। इनको हर बूथ में 100 से 200 की संख्या में बांटा भी दिया गया है। पूरी राजधानी को 25 लाख दीयों से रोशन किया जाएगा।

किस जिले में कितने दीये

प्रदेशभर के जिलों में अलग-अलग संख्या में दीये जलाए जाएंगे। इसमें राजनांदगांव में 15 लाख, बिलासपुर 10 लाख, धमतरी में 10 लाख, बालोद में 10 लाख, रायगढ़ 7 लाख, कोरबा 5 लाख, सरगुजा में पांच लाख, जशपुर में 2.25 लाख, बस्तर में 2.5 लाख, बीजापुर में दो लाख, कांकेर में 5 लाख, बेमेतरा में 1.5 लाख, जांजगीर चांपा में 6 लाख, कोंडागांव में एक लाख 11 हजार, नारायणपुर एक लाख 25 हजार, कबीरधाम में 15 लाख, बलरामपुर में 1.50 लाख, गरियाबंद में 10 लाख, दुर्ग में 15 लाख, मुंगेली में पांच लाख, बलौदाबाजार-भाटापारा 11 लाख, दंतेवाड़ा में 1.50 लाख दीये जलेंगे।

भाजयुमो के 60 युवा काशी रवाना सीएम ने बसों को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से वडनगर और काशी ने निकलने वाली सेवा संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के 60 युवाओं को दो बसों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर काशी के लिए रवाना किया। काशी ने निकलने वाले 10 ग्रुपों में छत्तीसगढ़ के युवा भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। हर साल हम लोग उनके जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर, गांधीजी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाते थे, लेकिन इस साल चूंकि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक उनके सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के शानदार 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, इसलिए इस अवसर पर पूरा देश सेवा, संकल्प अभियान के रूप में उनके 25 वर्ष के कार्यकाल का उत्सव एक माह तक मना रहा है। प्रधानमंत्री का जो जन्मस्थल है वडनगर और उनकी जो कर्मस्थल है काशी, वाराणसी, वहां तक एक प्रेरक बाइक यात्रा होनी है। इसके लिए आज हम लोगों ने 60 हमारे युवाओं को यहां से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। सभी युवाओं को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

दो स्थानों से निकलेगी यात्रा

17 सितंबर से प्रारंभ होने वाली यात्रा में 10 ग्रुप वडनगर से काशी की ओर प्रस्थान करेंगे और 10 ग्रुप काशी से वडनगर की ओर निकलेंगे। इस प्रकार कुल 20 अलग-अलग रूट्स पर यात्रा संचालित होगी। प्रत्येक रूट पर 25 युवा यात्री आगे-आगे चलेंगे, साथ ही 50 युवा बाइक पर जल कलश लेकर साथ चलेंगे। यात्रा के शुभारंभ पर पवित्र नदियों के जल से वडनगर स्थित हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसी तरह काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग पर भी नदियों के पवित्र जल से अभिषेक होगा।

प्रदेश के युवा पांच राज्यों की करेंगे यात्रा : भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बकाया प्रदेश के जो सौ युवा यहां से जा रहे हैं, उन युवाओं में प्रदेश के ज्यादातर जिलों के युवा शामिल हैं। बसों में रवाना होने के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई है।

भारतीय राज्य निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन आज-कल नवा रायपुर में ईवीएम विशेषज्ञ भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 12 साल बाद अखिल भारतीय राज्य निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन 16 और 17 सितंबर को होगा। इस सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। खास बात ये है कि इस सम्मेलन में देशभर के राज्य निर्वाचन आयुक्तों के साथ-साथ ईवीएम विशेषज्ञ, लोकतांत्रिक निर्वाचन विषय से जुड़े प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी, न्यू जर्सी अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ भी हिस्सा लेंगे।

- राज्यपाल रमेन डेका करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन
- अमेरिका के विशेषज्ञ भी लेंगे हिस्सा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर अटलनगर में 16 एवं 17 सितंबर 2026 को 32वें अखिल भारतीय राज्य निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन होगा। राज्यपाल द्वारा प्रातः 10.30 बजे उद्घाटन किया जाएगा। सम्मेलन छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा है। यह सम्मेलन देश के अलग-अलग राज्यों में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है। इसके पूर्व वर्ष 2014 में भी छत्तीसगढ़ में यह प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन हो चुका है।

स्थानीय लोकतंत्र की मजबूती पर होगा विमर्श

देशभर के विभिन्न राज्यों से पधारे राज्य निर्वाचन आयुक्त इस सम्मेलन में स्थानीय लोकतंत्र, विशेषकर त्रिस्तरीय पंचायतों व नगरीय निकायों को और अधिक सशक्त, पारदर्शी, समावेशी, विश्वसनीय एवं सहभागी बनाने हेतु निर्वाचन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में लोकतांत्रिक निर्वाचन विषय से जुड़े प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी, न्यू जर्सी, अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ भी हिस्सा लेंगे।

आएंगे ईवीएम विशेषज्ञ

बताया गया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, हैदराबाद एवं भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के विषय विशेषज्ञ भी सम्मेलन में अपने संस्थानों की अद्यतन तकनीकी जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

कृषि मंत्री ने आयुक्त को दिए जांच के निर्देश

हल्दी बीज वितरण में गड़बड़ी घोटाला, मंत्री ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हार्टीकल्चर विभाग द्वारा किसानों को हल्दी बीज वितरण करने के मामले में अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायतें तथा आरोप का मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद अब कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

मंत्री द्वारा जारी जांच संबंधी निर्देश पत्र में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर हल्दी बीज वितरण में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है। मंत्री कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र (10 सितंबर) के माध्यम से प्राप्त शिकायत के तथ्यों की बिंदुवार जांच कराते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु लेख किया गया था। अब पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की तत्काल विस्तृत जांच कराते हुए आपूर्तिगत बीजों के प्रमाणीकरण/ टैग/लॉट/एक्सपायरी डेट की सत्यता, हल्दी बीज आपूर्ति दरों का औचित्य, लाभार्थी किसानों को वांछित सामग्री/मात्रा एक नियमानुसार भुगतान का अनिवार्यतः परीक्षण कराते हुए की गई कार्यवाही से तत्काल अवगत कराएं।

ये है मामला

वर्ष 2026-27 में राज्य पोषित मद के अंतर्गत मसाला क्षेत्र विस्तार प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी द्वारा योजना के तहत हल्दी फसल के क्षेत्र विस्तार के लिए 1300 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके लिए 620 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के माध्यम से किसानों को मसाला फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में फसल विविधीकरण को गति मिल रही है। इस मामले में शंका निजी सप्लायर से कम कीमत पर खरीदी और गुणवत्ता को लेकर उठाई गई है।

138 लाख का भुगतान किसानों के खाते में

किसानों द्वारा क्रय किए गए बीजों के देयकों तथा अन्य अभिलेखों के परीक्षण एवं फसल के भौतिक सत्यापन के उपरांत ही अनुदान भुगतान की कार्यवाही की जाती है। वर्तमान में किसानों द्वारा क्रय किए गए बीज, जिन पर अनुदान दिया जा रहा है, वे पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं उच्च गुणवत्तायुक्त होते हैं, इसके अंकुरण में भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पात्र किसानों को आवश्यक सत्यापन के बाद ही अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। अभी तक योजना के तहत राशि 138 लाख रुपए का भुगतान किसानों के खाते में किया जा चुका है। इस योजना के क्रियान्वयन से फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही मसाला फसलों का क्षेत्र विस्तार तथा मसाला उद्योग से जुड़े व्यवसाय के लिए कच्चा माल उपलब्ध होगा और उद्योगों को भी लाभ होगा।

सीएम साय ने मीरा के पसरे से खरीदा आशीर्वाद का दीया

रायपुर। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव में सड़क किनारे पसरा लगाकर मिट्टी के दीये बेच रही मीरा के लिए आज का दिन अचानक बेहद खास बन गया। रोज की तरह वह अपने छोटे से पसरे पर दीये सजाकर ग्राहकों की प्रतीक्षा कर रही थी। इसी बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का काफिला अचानक उसके पसरे के पास जाकर रुक गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने मीरा के पसरे पर रखे मिट्टी के दीयों को देखा और 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के लिए वहीं से एक दीया खरीदा।

कचरे से संसाधन बनाने की तकनीकों पर मंथन

गुजरात के गांधीनगर में वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित 10वें वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में छत्तीसगढ़ ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा के नेतृत्व में राज्य से गई टीम ने फोरम में शामिल होकर सर्कुलर इकोनॉमी, संसाधन दक्षता और कचरे को संसाधन में बदलने के आधुनिक समाधानों पर वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ सुमीत अग्रवाल भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।

राज्य की टीम के प्रमुख श्री बोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन शहरी क्षेत्रों में टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधनों के अधिकतम उपयोग और सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य का प्रयास है कि नवाचार और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कचरे का बेहतर प्रबंधन करते हुए उसे उपयोगी संसाधन में परिवर्तित किया जाए। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छ, मजबूत और टिकाऊ शहरों के निर्माण को गति मिलेगी तथा विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में राज्य की पहल और मजबूत होगी। फोरम में दुनिया के विभिन्न देशों के नीति-निर्माता, उद्योग जगत के विशेषज्ञ, नवाचारी तकनीक विकसित करने वाले संस्थान और क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने, संसाधनों के बेहतर उपयोग, टिकाऊ उत्पादन एवं उपभोग तथा वेस्ट-टू-रिसोर्स जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

राज्य की टीम ने प्रदर्शनी केंद्रों का किया अवलोकन : छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने फोरम के दौरान प्रदर्शनी केंद्रों का भी अवलोकन किया। यहां री-साइकिलिंग, संसाधनों की रिकवरी, कचरे से उपयोगी उत्पाद तैयार करने, टिकाऊ सामग्री तथा सर्कुलर बिजनेस मॉडल से जुड़ी नवीन तकनीकों और समाधानों को प्रदर्शित किया गया था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- जांच की जाए, गड़बड़ी मिलने पर परीक्षा निरस्त हो

पीएससी परीक्षा में सही उत्तर देने वालों को कम और गलत उत्तर देने वालों को ज्यादा अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2024 और 2025 की परीक्षाओं और तारा कोल ब्लॉक नीलामी पर भूपेश बघेल ने सरकार पर सवाल उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मांग की है कि 2024 की पीएससी परीक्षा की दोबारा जांच कराई जाए और 2025 की परीक्षा के इंटरव्यू को तत्काल रोका जाए। उन्होंने कहा, 2025 की परीक्षा की भी जांच होनी चाहिए और अगर इसमें गड़बड़ी मिलती है तो परीक्षा को निरस्त किया जाए।

उन्होंने कहा, 2024 की मुख्य परीक्षा में उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। उनके मुताबिक, कुछ अभ्यर्थियों की कॉपियों में सही उत्तर देने वालों को कम और गलत उत्तर देने वालों को ज्यादा अंक मिलने के मामले सामने आए हैं।

तारा कोल ब्लाक, अनुशंसा क्यों की

श्री बघेल ने आरोप लगाया कि हसदेव अरण्य जैसे संवेदनशील वनक्षेत्र में खनन को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने खुद केंद्र को पत्र लिखा, जबकि कांग्रेस सरकार ने तारा समेत नौ कोल ब्लॉकों को नीलामी से बाहर रखने की मांग की थी।

कॉपियां सार्वजनिक करने और पुनर्मूल्यांकन की भी मांग

पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की कि अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई जाएं और मूल्यांकनकर्ताओं के चयन के लिए स्पष्ट मानदंड तय किए जाएं। पीएससी मुख्य परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी करने और उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की भी मांग की गई है। भूपेश ने कहा, अगर 2025 की परीक्षा की जांच में गड़बड़ी सामने आती है तो इस परीक्षा को निरस्त कर नई प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

265 पद, फिर 795 की जगह 608 इंटरव्यू तक कैसे पहुंचे?

भूपेश ने 2025 की पीएससी परीक्षा के आंकड़ों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, पीएएसी ने 265 पदों के लिए भर्ती निकाली थी। 1:3 के अनुपात के हिसाब से 795 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए चयनित किया जाना चाहिए था, लेकिन सिर्फ 608 अभ्यर्थी ही इंटरव्यू तक पहुंचे। आयोग का तर्क है कि 187 अभ्यर्थी न्यूनतम अंक हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, आयोग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर ये अभ्यर्थी न्यूनतम अंक क्यों नहीं ला सके। उन्होंने इंटरव्यू से पहले अभ्यर्थियों को उनकी उत्तर-पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि मूल्यांकन की प्रक्रिया को लेकर स्थिति साफ हो सके। बघेल ने पीएससी अध्यक्ष रीता शांडिल्य को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 में उनके कार्यकाल में परीक्षा को लेकर अनियमितताओं के आरोप लगे और 2025 में भी उनकी अध्यक्षता में परीक्षा प्रक्रिया सवालों के घेरे में है।

खबर संक्षेप

सगुनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

तरपोंगी। जन जागरण युवा विश्वकर्मा समिति, ग्राम सगुनी (बाजार चौक) द्वारा विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर 17 सितंबर दिन गुरुवार को रात्रि 10 बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्राम अंगारी (बालोद) के प्रसिद्ध खेमलाल साहू कृत 'संझा के चिरइया' मंच की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के उद्घाटन व दीप प्रज्वलन समारोह में मुख्य अतिथि शैल महेन्द्र साहू (जिला पंचायत सदस्य, रायपुर) उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेन्द्र वर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रजत कश्यप व उपसरपंच ज्ञानदास मानिकपूरी करेंगे। इस अवसर पर दाऊ सुरेन्द्र कश्यप, पूर्व जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, राजमंत्री मनवा कुर्मी धर्मेंद्र वर्मा, विद्युत ठेकेदार इंदरमन वर्मा, पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम निषाद एवं पूर्व उपसरपंच ईश्वरी वर्मा सहित स्थानीय पंचगण व समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे। समिति व समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

सीएम साय ने मीरा के पसरे से खरीदा आशीर्वाद का दीया

रायपुर। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव में सड़क किनारे पसरा लगाकर मिट्टी के दीये बेच रही मीरा के लिए आज का दिन अचानक बेहद खास बन गया। रोज की तरह वह अपने छोटे से पसरे पर दीये सजाकर ग्राहकों की प्रतीक्षा कर रही थी। इसी बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का काफिला अचानक उसके पसरे के पास जाकर रुक गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने मीरा के पसरे पर रखे मिट्टी के दीयों को देखा और 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के लिए वहीं से एक दीया खरीदा।

कचरे से संसाधन बनाने की तकनीकों पर मंथन

रायपुर। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित 10वें वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में छत्तीसगढ़ ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा के नेतृत्व में राज्य से गई टीम ने फोरम में शामिल होकर सर्कुलर इकोनॉमी, संसाधन दक्षता और कचरे को संसाधन में बदलने के आधुनिक समाधानों पर वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ सुमीत अग्रवाल भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।राज्य की टीम के प्रमुख श्री बोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन शहरी क्षेत्रों में टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधनों के अधिकतम उपयोग और सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य का प्रयास है कि नवाचार और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कचरे का बेहतर प्रबंधन करते हुए उसे उपयोगी संसाधन में परिवर्तित किया जाए। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छ, मजबूत और टिकाऊ शहरों के निर्माण को गति मिलेगी तथा विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में राज्य की पहल और मजबूत होगी। फोरम में दुनिया के विभिन्न देशों के नीति-निर्माता, उद्योग जगत के विशेषज्ञ, नवाचारी तकनीक विकसित करने वाले संस्थान और क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने, संसाधनों के बेहतर उपयोग, टिकाऊ उत्पादन एवं उपभोग तथा वेस्ट-टू-रिसोर्स जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

धर्मनगरी में गणेशोत्सव पर सनातन जीवन पद्धति प्रदर्शनी का शुभारंभ

आरंग में श्री विघ्नहर्ता परिवार की अनोखी पहल, 10 सेवा कार्य से जुड़ेगा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

धर्मनगरी आरंग के नेताजी चौक स्थित श्री विघ्नहर्ता परिवार द्वारा श्री गणेशोत्सव के अवसर पर इस वर्ष भक्ति के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, सनातन जीवन पद्धति, गुरुकुल परंपरा एवं समाजसेवा को समर्पित विभिन्न रचनात्मक एवं जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज से 'सनातन जीवन पद्धति पर आधारित प्रदर्शनी' का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्राचीन भारत की ज्ञान परंपरा, प्रमुख खोज एवं आविष्कार, भारतीय गणित, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, वेद-ज्ञान परंपरा एवं वास्तुकला जैसे विषयों को रोचक एवं सरल तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा।

गौ माता- राष्ट्र माता का संदेश

गौ माता के प्रति श्रद्धा, सम्मान, संरक्षण एवं सेवा के संकल्प के साथ गणेशोत्सव को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापना के पश्चात द्वितीय दिवस से "10 दिवस – 10 सेवा कार्य" के माध्यम से समिति द्वारा समाजहित में सेवा गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इनमें जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग, शिक्षण सामग्री वितरण, रक्तदान एवं हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए सहयोग, दिव्यांगजनों की सहायता, अस्पतालों में फल वितरण, बुजुर्गों की नेत्र सेवा, गौ सेवा एवं गौ आरती, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, भंडारा-प्रसादी वितरण तथा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर जैसी गतिविधियां शामिल हैं। समिति का कहना है कि गणेशोत्सव केवल उत्सव और भक्ति तक सीमित न रहकर समाज में सेवा, संस्कार और सकारात्मक संदेश का माध्यम बने, यही श्री विघ्नहर्ता परिवार का संकल्प है।

इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की समृद्ध ज्ञान-विरासत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिचित कराना है। समिति द्वारा इस वर्ष "गौ माता : राष्ट्र माता" के संदेश को भी विशेष रूप से केंद्र में रखा गया है। "सेवा ही संकल्प, संस्कार ही पहचान" के भाव के साथ समिति द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों का उद्देश्य धर्म, संस्कृति और सामाजिक सेवा को एक साथ जोड़कर समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करना है। श्री विघ्नहर्ता परिवार ने नगरवासियों से अपील की है कि वे आज से प्रारंभ हो रही सनातन जीवन पद्धति प्रदर्शनी का अवलोकन करें, भारतीय ज्ञान-विज्ञान की गौरवशाली परंपरा को जानें तथा सेवा कार्यों में सहभागी बनकर इस सामाजिक संकल्प को मजबूती प्रदान करें।

सांस्कृतिक आयोजन हमारी संगीत और समृद्ध पहचान का महापर्व

अनुज शर्मा के लोकगीतों और आरुग बैंड की धूम से गूंजा रामलीला मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा विधायक एवं छालीवुड सुपरस्टार अनुज शर्मा तथा उनके छत्तीसगढ़ी लोक बैंड 'आरुग बैंड' की सुमधुर प्रस्तुति ने रायगढ़ के ऐतिहासिक 41 वें चक्रधर समारोह के भव्य शुभारंभ अवसर पर समां बांध दिया। रामलीला मैदान में आयोजित इस विश्व प्रसिद्ध सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस गरिमामय अवसर पर रायगढ़ के राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह तथा लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह की पहली शाम विधायक अनुज शर्मा और उनके आरुग बैंड के नाम रही। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधान में नजर आए विधायक अनुज शर्मा ने अपनी सशक्त और सुरीली आवाज में लोकधुनों की ऐसी रसधारा प्रवाहित की कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। 'आरुग बैंड' की प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और माटी की सौंधी महक को मंच पर जीवंत कर दिया, जिसने वहां मौजूद विशाल जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया।

अनुज शर्मा ने कहा कि चक्रधर समारोह महज एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की कला, संगीत और हमारी समृद्ध पहचान का महापर्व है। उनका निरंतर यही प्रयास है कि छत्तीसगढ़ का लोकसंगीत अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़ा रहे और साथ ही दुनिया के हर मंच तक अपनी छाप छोड़े।

तीजा-पोला महोत्सव की धूम

खरोरा। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और परंपराओं में पोला पर्व का विशेष महत्व है। ग्राम कठिया नंबर 1 में तीजा-पोला पर्व मनाने की वर्षों पुरानी परंपरा आज भी कायम है। इसी कड़ी में संकट मोचन परिवार के तत्वावधान में तीजा-पोला महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस पारंपरिक उत्सव में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरा गांव लोक संस्कृति और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए मटका फोड़, कुर्सी दौड़, कंचा डाल, धागा खींच, चम्मच दौड़, फुग्गा फोड़ तथा सामूहिक बोतल खिसकाओ सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्जला उपवास के बावजूद महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं को देखने के लिए ग्रामीणों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मटका फोड़ प्रतियोगिता में यामिनी वर्मा प्रथम और पार्वती वर्मा द्वितीय रहीं।

विद्यार्थियों में दिखा उल्लास बनाई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

उल्लास नवभारत साक्षरता पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय सेजेस (स्वामी आत्मानंद) विद्यालय समोदा में विद्यार्थियों द्वारा साक्षरता जागरूकता को लेकर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में साक्षरता के प्रति विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला।

व्याख्याता मितांजली महंती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति में सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित कर बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने साक्षरता जागरूकता से संबंधित नारे लगाते हुए उल्लास की मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों को साक्षरता के महत्व का संदेश देते हुए समाज को पूर्ण साक्षर बनाने की दिशा में ठोस पहल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार पटले, व्याख्याता, शिक्षकगण, शाला विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 30 पौवा देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को 15 सितंबर को देहात-टाउन भ्रमण के दौरान अभनपुर बस स्टैंड के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग के बैग में अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा है।

सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने गवाहों को साथ लेकर चंडी की ओर रवाना होकर बेलर रोड चंडी के पास घेराबंदी की। इस दौरान मुखबिर के बताए हुए के आधार पर एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुलेश्वर टंडन पिता इतवारी टंडन उम्र 24, निवासी ग्राम चंडी बताया।

पुलिस ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली, जिसमें देशी मंदिरा शेरा कंपनी के 30 पौवा, प्रत्येक 180 एमएल, कुल 5.400 बल्क लीटर शराब मिली। जब्त शराब की कीमत करीब 3000 रुपए बताई गई है। पुलिस ने शराब को जब्त कर सीलबंद किया और आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

खरोरा में विधि-विधान से विराजे विघ्नहर्ता गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

खरोरा। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर शहरों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी भगवान श्री गणेश की भक्ति और आस्था का उत्साह देखने को मिल रहा है। खरोरा में भी श्रद्धालुओं द्वारा विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की गई। गणपति बप्पा की स्थापना को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल बना रहा। भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को श्रद्धालु एवं युवाओं द्वारा पूरे श्रद्धा भाव के साथ पूजा स्थल तक लाया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों एवं डीजे की धुन पर गणपति बप्पा के जयकारे लगाए गए। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं ने मंगलमूर्ति का स्वागत करते हुए विधिवत पूजा अर्चना की। स्थापना के दौरान मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों में दिखा विशेष उत्साह गणेश उत्सव को लेकर गांव के बच्चों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चे सुबह से ही गणेश प्रतिमा की स्थापना एवं पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। बच्चों में भगवान श्री गणेश के प्रति आस्था के साथ-साथ उत्सव को लेकर खासा उमंग देखने को मिला। गणेश का स्वागत भारतीय परंपरा और उत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और धार्मिक मूल्यों से

जुड़ने का अवसर मिलता है। ग्रामीणों ने गणपति बप्पा से गांव एवं क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। सभी ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कुकरा-भानसोज सड़क मार्ग पर बंदरों का आतंक

आरंग। कुकरा-भानसोज सड़क मार्ग पर इन दिनों सुबह के समय बंदरों का झुंड वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रोजाना सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच बड़ी संख्या में बंदर सड़क पर डेरा जमाकर उछलकूद करते नजर आते हैं। सड़क के बीचों-बीच बैठे और इधर-उधर दौड़ते बंदरों के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी से गुजरना पड़ रहा है। बंदरों की संख्या अधिक होने से खासकर दोपहिया वाहन चालक डरते-झिझकते वाहन आगे बढ़ाते हैं। कई बार हॉर्न बजाने के बावजूद बंदर सड़क छोड़ने के बजाय अपनी उछलकूद में मस्त रहते हैं। ऐसे में अचानक बंदर के सामने आ जाने या वाहन से टकराने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह के समय इस मार्ग से बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। बंदरों के कारण किसी दिन बड़ा हादसा न हो, इसके लिए संबंधित विभाग को इस समस्या पर ध्यान देते हुए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

सरस्वती ज्ञान दिव्या विद्यालय में तीजा-पोरा व गणेश चतुर्थी की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सरस्वती ज्ञान दिव्या विद्यालय आरंग में तीजा-पोरा पर्व एवं गणेश चतुर्थी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं पूजा से की गई। उद्बोधन में प्रधान पाठिका देवकुमारी यादव ने तीजा-पोरा त्योहार पर प्रकाश डाला और गणेश चतुर्थी की बधाई दी। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। बच्चों ने मिट्टी के बर्तन एवं नांदिया बैल सजाकर लाए और गणेश चतुर्थी पर पत्तों एवं रंगों से

गणेश जी की चित्रकारी प्रस्तुत की। बच्चों के मनोरंजन के लिए बैल दौड़, फुगड़ी एवं रस्साकशी प्रतियोगिता कराई गई। शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप लोधी ने तीजा-पोरा और गणेश चतुर्थी की बधाई दी। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए तीजा-पोरा के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन गीतांजलि निषाद एवं दीपिका मानिकपुरी ने किया। अंत में उमेश नाथ योगी ने आभार व्यक्त किया। सुनीता लोधी, कुसुम यादव, सुमन लता योगी, छाया यादव, मधुरिमा सेन, मनिका लोधी, भावना साहू, दीपिका जलक्षत्री एवं अनीता यादव का सहयोग सराहनीय रहा।

वतन चन्द्राकर ने साहू समाज भवन नारा में बाउंड्रीवॉल का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम पंचायत नारा स्थित साहू समाज भवन में सोमवार को 4 लाख रुपए की लागत से बनने वाले बाउंड्रीवॉल (आहता) निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधि-विधान के साथ किया गया। कार्य स्वीकृति प्रदान करने के लिए वतन अंगनाथ चन्द्राकर का सम्मान कर आभार व्यक्त किया, निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से साहू समाज सहित ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि रितेश जांगड़े, उपसरपंच द्रोण चन्द्राकर, प्रहलाद चन्द्राकर सहित जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद

अतिथियों ने कुदाल चलाकर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। लंबे समय से परिसर में बाउंड्रीवॉल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। निर्माण पूरा होने के बाद परिसर को सुरक्षित और व्यवस्थित स्वरूप मिलने के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वतन अंगनाथ चन्द्राकर ने कहा कि गांव का विकास केवल सड़क, नाली और भवन निर्माण तक सीमित नहीं है। सामाजिक परिसरों का विकास भी गांव की जरूरत और सामाजिक एकजुटता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि साहू समाज परिसर में बनने वाला यह बाउंड्रीवॉल परिसर की सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थित उपयोग के लिए उपयोगी साबित होगा।

उन्होंने कहा कि "हमारे गांवों की सबसे बड़ी ताकत आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा होना है। विकास का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। नारा में सामाजिक सुविधाओं के विस्तार के लिए जो भी जरूरी प्रयास होंगे, उसमें हरसंभव सहयोग किया जाएगा।" ग्रामीणों ने बताया कि बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण परिसर की सुरक्षा और साफ-सफाई बनाए रखने में परेशानी होती थी। अब 4 लाख रुपए की लागत से आहता निर्माण होने से यह समस्या दूर होने की उम्मीद है।

कुकरा में 9 फीट ऊंचे बप्पा विराजे

आरंग। ग्राम पंचायत कुकरा में गणेशोत्सव के अवसर पर भगवान गजानन की करीब 9 फीट ऊंची भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा की विधि-विधान से स्थापना की गई। विशाल प्रतिमा के विराजमान होते ही पूरा गांव गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। बप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। तीज पर्व पर मायके पहुंची गांव की बहनों ने भी गणेश स्थापना में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार व गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। गणेशोत्सव का आयोजन श्री बाल गणेश आदर्श समिति सतनामी पारा के तत्वावधान में किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष खिलेंद साहू, उपाध्यक्ष खेलावन धीवर, सचिव हिक्छा टंडन एवं कोषाध्यक्ष तोषण धीवर सहित 12 सदस्य आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति के संयोजक एवं सरपंच नंदलाल डहरिया के मार्गदर्शन

में विगत वर्ष से गांव में बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार भी प्रतिमा स्थापना को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

जर्जर हॉस्टल ढहाया... दो साल में यहां बनेगी 700 बिस्तर सुविधा वाली एमसीएच की नई बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस के छात्रों के हटने के बाद सालों से जर्जर हालत में खड़े मेडिकल कालेज के हॉस्टल को ढहा दिया गया है। उसके स्थान पर अगले दो साल में 700 बिस्तर की क्षमता वाला एमसीएच का नया भवन बनेगा। आंबेडकर अस्पताल के पुराने भवन में संचालित ऑब्स एंड गायनी व पीडियाट्रिक्स विभाग को यहां शिफ्ट किया जाएगा। दोनों विभागों की शिफ्टिंग के बाद खाली होने वाले ढाई सौ बेड का उपयोग अन्य विभागों के मरीजों के इलाज के लिए किया जाएगा।

बढ़ते मरीजों की वजह से छोटे पड़ रहे आंबेडकर अस्पताल के लिए तैयार किए जाने वाला 700 बेड का एकीकृत भवन जल्द ही आकार लेना शुरू करेगा। इस भवन को मातृ एवं शिशुरोग अस्पताल (एमसीएच) बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां बच्चों के साथ स्त्रीरोग से संबंधित तमाम उपचार की आधुनिक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। भूमिपूजन के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसके निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी थी। उनके द्वारा एजेंसी तय कर दी गई है और उन्होंने भवन बनाने के लिए काम भी शुरू कर दिया है। मेडिकल कालेज के पिछले हिस्से में खड़े हॉस्टल के पुराने भवन को इससे लिए चिन्हित किया गया था, जिसे गिराने का काम पूरा कर लिया गया है। करीब 231 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले सातमंजिला भवन को तैयार करने बेस बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। संबंधित एजेंसी को इसके लिए करीब दो साल का वक्त दिया गया है। नए भवन में ऑब्स एंड गायनी एवं पीडियाट्रिक्स विभाग के शिफ्ट होने के बाद वहां उपयोग किए जाने वाले करीब ढाई सौ बेड के वार्ड खाली हो जाएंगे। यहां उन विभाग के मरीजों को उपचार की सुविधा दी जाएगी, जहां जरूरत के हिसाब से सुविधा कम है।

आंबेडकर अस्पताल से शिफ्ट होगा ऑब्स एंड गायनी व पीडियाट्रिक्स विभाग

अक्सर होती है समस्या

प्रसव प्रक्रिया पूरी करने में आंबेडकर अस्पताल का गायनी विभाग प्रदेश में अव्वल है। यहां मरीजों की काफी भीड़ होती है और अक्सर एक बेड में दो मरीजों को रखकर इलाज वाली स्थिति बन जाती है। बदलते समय के साथ शुरू की जाने वाली आधुनिक सुविधाओं के हिसाब से यह भवन छोटा पड़ता है। नए भवन के प्रारंभ होने के बाद विभिन्न तरह की समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

कैंसर भवन विस्तार का काम जारी

कैंसर भवन के विस्तार का काम भी शुरू हो चुका है। वर्तमान में दोमंजिला भवन को सातमंजिला बनाने के लिए आवश्यक निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। निर्माण पूरा होने के बाद यहां भी एक साथ करीब तीन सौ मरीजों का इलाज किया जा सकेगा। इसके अलावा यहां आधुनिक सुविधाओं वाले ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू का निर्माण भी किया जाएगा।

उच्चस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी

नई एमसीएच बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। करीब दो साल में निर्माण पूरा होने के बाद यहां ऑब्स एंड गायनी व पीडियाट्रिक्स विभाग को शिफ्ट किया जाएगा, जहां उपचार से संबंधित उच्चस्तरीय सुविधाएं होंगी। साथ ही पुराने भवन में रिक्त होने वाले विभाग और बेड का उपयोग अन्य मरीजों के इलाज में किया जाएगा। भवन बनने के बाद अस्पताल में उपचार की सुविधाओं का विस्तार होगा।

- **डॉ. संतोष सोनकर**, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

खबर संक्षेप

अभियंता दिवस पर याद किए गए विश्वेश्वरैया

रायपुर। रायपुर नगर निगम के संस्कृति विभाग ने मंगलवार को भारत रत्न और अभियंता डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को उनकी जयंती अवसर पर याद किया। अभियंता दिवस के इस मौके पर राजधानी के पीडब्ल्यूडी चौक सिविल लाइंस के किनारे स्थित उनके मूर्तिस्थल पर उन्हें नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, सभापति सूर्यकांत राठौर, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी इंदिरा मिश्रा, निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को उनकी जयंती अवसर पर याद करते हुए देश और समाज के विकास में उनके योगदान की सराहना की। जयंती अवसर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि दी गई।

4 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

रायपुर। मंदिर हसौद क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 4 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इन आरोपियों में मोहन धीवर निवासी ग्राम सिवनी, देवनाथ धीवर निवासी ग्राम सिवनी, अर्जुन धीवर उर्फ पुतरु निवासी ग्राम सेरीखेड़ी खदराहा भाटा एवं दीपेश धृतलहरे निवासी ग्राम सिवनी शामिल है।

साइबर जागृति अभियान में तेजी

रायपुर। साइबर अपराध के बढ़ते खतरे और ऑनलाइन ठगी से लोगों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रायपुर नॉर्थ जोन पुलिस ने साइबर जागृति अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में 15 सितंबर को नॉर्थ जोन के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ कुल 40 स्थानों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

निधन

अभिषेक कुमार तम्बोली

रायपुर। पुरानी बस्ती लिली चौक निवासी अधिवक्ता अभिषेक कुमार तम्बोली का 15 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 सितंबर को सुबह 10 बजे निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी।

मीरा मोटवानी

रायपुर। पाटीदार भवन के पास, देवेंद्र नगर, फाफाडीह निवासी मीरा मोटवानी (81) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 सितंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकुमार, विजय कुमार, दीपक, विनोद मोटवानी की माता थीं।

पांच ठेकेदारों के 60 टैंकरों से बुझी जलसंकट प्रभावित इलाकों की प्यास

दूर क्यों नहीं होता राजधानी का जलसंकट... इस बार भी किराए के पानी टैंकरों पर खप गए सवा 2 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के सीजन में इस बार शहर के जलसंकट प्रभावित इलाकों में किराए के पानी टैंकरों पर नगर निगम के 2 करोड़ 20 लाख रुपए खप गए, जबकि पिछले साल गर्मी में यह राशि 2.06 करोड़ रुपए थी, यानी पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किराए के पानी टैंकर पर 14 लाख रुपए अधिक खर्च हुए। इसके अलावा पेयजल की किल्लत वाले इलाकों में 50 नए बोरवेल खनन कराने की जरूरत पड़ी। जल विभाग ने 15 नए पानी टैंकर क्रय करने राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा है, शासन स्तर पर मंजूरी लंबित होने से नए पानी टैंकर की खरीदी अभी नहीं हो पाई है।

हरिभूमि सरोकार

रायपुर नगर निगम के पानी का बजट चार करोड़ होने के बाद भी इस बार गर्मी में शहर के 4 जोन के 11 वार्डों में पेयजल संकट से निपटने किराए के टैंकर चलाने की नौबत आई। इनमें जोन 9, जोन 5 , जोन 3 और जोन 1 के वार्ड शामिल हैं। इस बार 15 जुलाई तक किराए के पानी टैंकर पानी की किल्लत वाले प्रभावित इलाकों में फेरे लगाते रहे। इसके चलते किराए के पानी टैंकर का बिल 2 करोड़ 20 लाख रुपए चला गया। नगर निगम से अनुबंधित 5 ठेकेदारों ने इस अवधि में 60 पानी टैंकर चलवाकर लोगों की प्यास बुझाई।

खास बातें

- पिछले साल गर्मी में किराए के पानी टैंकर पर खर्च हुए थे 2.06 करोड़
- नगर निगम के जल विभाग ने 15 नए पानी टैंकर खरीदने शासन को भेजा है प्रस्ताव, मंजूरी लंबित

11 वार्डों में सबसे ज्यादा रही पानी की किल्लत

हर बार की तरह इस बार भी शहरवासियों की प्यास बुझाने नगर निगम के जल विभाग ने अपने फिल्टर प्लांट से गर्मी के सीजन में प्रतिदिन 300 एमएलडी से अधिक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शहर के नई व पुरानी 43 पानी टंकियों के माध्यम से की। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, रायपुर नगर निगम के 11 वार्डों में पानी की सबसे ज्यादा किल्लत देखी गई। इनमें सबसे ज्यादा अधिक पानी की दिक्कत जोन-9 के जलसंकट प्रभावित वार्डों में रही। जहां सबसे ज्यादा 23 किराए के पानी टैंकर अलग-अलग पाइंट पर भेजे गए। इसी तरह शंकर नगर स्थित जोन-3 के नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड की खम्हारडीह बस्ती, वृंदावन कालोनी, पार्वती नगर, सेलटैक्स कालोनी, भावना नगर बस्ती में पानी की समस्या दूर करने टैंकर भेजकर जल आपूर्ति कराई गई।

पानी आपूर्ति पर 530 करोड़ खर्च, फिर भी टैंकर मुक्त नहीं हो सका शहर

रायपुर नगर निगम ने राजधानी की आम जनता तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने इस बार अमृत मिशन में 400 करोड़ रुपए और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर के 15 वार्डों में 130 करोड़ रुपए खर्च कर 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना पर काम किया। इसके बाद भी ये स्थिति है कि गंज पानी टंकी और मोतीबाग पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए 15 वार्डों में नई पाइपलाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन करने और अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित स्वचालित वाटर मीटर लगाने का फायदा लोगों को नहीं मिल पाया। कुल मिलाकर 530 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी रायपुर शहर अब तक टैंकर मुक्त नहीं हो पाया है।

इन वार्डों में रही पानी की किल्लत

नगर निगम जोन-2 के वीरांगना अवंतिबाई वार्ड के डब्लूआरएस कालोनी में रेलवे पटरी से लगी बस्तियों में पीने के पानी के लिए त्राहिमाम मचने पर किराए के टैंकर भेजकर प्रभावित बस्तियों के लोगों की प्यास बुझाई गई। इस वार्ड के इंदिरा नगर, प्रेमनगर, नेपाली बस्ती, शिवनगर, झारखंड बस्ती, श्रीराम नगर, घासपारा, वाल्मीकि नगर, दुर्गानगर में पेयजल की भारी किल्लत बनी रही। वहीं जोन-1 के भनपुरी क्षेत्र में 2 पानी टंकियां होने के बाद भी वहां के दर्जनभर मोहल्लों के नलों में पर्याप्त पानी का प्रेशर नहीं पहुंचने से लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ा। इसे देखते हुए संबंधित जोन द्वारा किराए के पानी टैंकर भेजकर प्रभावित बस्तियों में पीने का पानी पहुंचाया गया। जबकि अमृत मिशन के तहत नई पाइपलाइन यहां बिछाई गई है, इसके बाद भी यह स्थिति निर्मित हुई। इसके अलावा भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में पेयजल संकट गहराने से किराए के पानी टैंकर चलाने की जरूरत पड़ी।

फाफाडीह ब्रिज के नीचे से कंपनी ने मशीन हटाई

गड्ढा पाटकर किया समतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-2 क्षेत्र में फाफाडीह ब्रिज के नीचे गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क पर गहरे गड्ढे करने और पेयजल की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त करने वाली संबंधित कंपनी ने मंगलवार को मौके से मशीन हटा ली है। साथ ही वहां जगह-जगह किए गड्ढे पाटकर समतल कर दिए हैं। मंगलवार को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी फाफाडीह ब्रिज के नीचे विगत दो माह से चल रहे गैस पाइपलाइन के कार्यस्थल पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने उन्हें बताया कि गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क पर गहरे गड्ढे खोदे गए थे और भारी-भरकम मशीन दो माह से सड़क पर ही खड़ी थी। मौके पर पहुंचने और जानकारी लेने के बाद स्थिति में तत्काल सुधार हुआ है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम की दोहरी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि रायपुर नगर निगम एक तरफ सड़क किनारे रोजी-रोटी कमाने वाली गरीब जनता के ठेले-गुमटियों को सड़क यातायात बाधित करने के नाम पर जब्त कर ले जाता है। वहीं निगम की नाक के नीचे एक बड़ी प्राइवेट कंपनी की मशीन सड़क को और निगम के पेयजल वाली पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त करते हुए काम कर रही थी, पर निगम प्रशासन ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

निगम ने जब्त क्यों नहीं की मशीन

श्री तिवारी ने कहा, सवाल यह है कि कंपनी ने खुद मशीन हटाई है, पर नगर निगम ने उसे जब्त क्यों नहीं किया? क्या नगर निगम की इस कंपनी के साथ मिलीभगत है या नगर निगम जानबूझकर इस मशीन को जब्त नहीं करना चाहती? यह नगर निगम की दोहरी नीति को दर्शाता है। आम जनता के लिए एक कड़ा नियम और बड़ी प्राइवेट कंपनियों के लिए दूसरा नरम रवैया। अगर शहर में ठेले गुमटी जब्त हो सकते हैं तो सड़क खोदकर जनता को परेशान करने वाली बड़ी मशीन क्यों नहीं? यह बड़ा सवाल है, जिसका जवाब निगम प्रशासन को देना होगा।

राजधानी में 500 से ज्यादा ...

राजधानी में अब ज्यादातर बड़े गणेश पंडालों की समितियां अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने लगी हैं। कुछ साल पहले तक सीधे हुकिंग कर कई पंडाल बिजली ले लेते थे। ऐसे पंडालों पर जब पॉवर कंपनी ने एक्शन प्रारंभ किया तो अब ज्यादातर गणेश पंडाल की समितियां या तो अस्थाई कनेक्शन ले लेती हैं या जिनके घरों के पास पंडाल रहता है, उन घरों से भी कनेक्शन लिया जाता है। ऐसे कनेक्शनों को भी पॉवर कंपनी मान्य करती है। बीते साल सर्किल दो में ही जहां 25 पंडालों ने अस्थाई कनेक्शन लिए थे, वहीं 82 पंडालों ने पंडालों के पास के घरों से बिजली ले ली थी। सर्किल एक में 87 पंडालों ने अस्थाई कनेक्शन लिया था। ***सर्किल एक में 84 और सर्किल दो में 26 कनेक्शन :*** राजधानी के गणेश पंडालों में से 110 से अस्थाई कनेक्शन लिए हैं। सर्किल एक के सिटी ईस्ट में 18, सेंट्रल में 12, दक्षिण में 23 और पश्चिम में 21 पंडालों ने अस्थाई कनेक्शन लिए हैं। सर्किल दो के सात जोन में 26 गणेश पंडालों ने बिली कनेक्शन लिए हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, जिन पंडालों ने कनेक्शन नहीं लिए हैं, उन्होंने अपने पंडाल के आसपास के घरों से कनेक्शन ले लिए हैं। इन्हें मान्य किया गया है। अस्थाई कनेक्शन लेने पर एक तो एक किलोवाट के लिए चार हजार जमा करने पड़ते हैं, साथ ही टैरिफ भी सामान्य से ज्यादा लगता है। ऐसे में आमतौर पर छोटे पंडालों की समितियां अस्थाई कनेक्शन नहीं ले पाती हैं तो इनको आसपास के घरों से बिजली लेने की छूट दे दी जाती है, लेकिन किसी भी पंडालों को सीधे हुकिंग कर बिजली के खंबों से अवैध कनेक्शन लेने की छूट नहीं है। ऐसा करने वालों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए लगातार जांच की जा रही है।

पेज 11 के शेष ...

भाजपा नेता की दबंगई...

के बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा समाचार लिखे जाने तक कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को शुभांकर नामक व्यक्ति अपने कुछ साथियों के साथ थाने पहुंचा और बिना अनुमति लिए सीधे थाना प्रभारी के दफ्तर में प्रवेश किया। उस समय थाना प्रभारी अपने दफ्तर में ही बैठे हुए थे। शुभांकर ने थाना प्रभारी से कहा कि पुलिस की टीम डीजे गाड़ी पर कार्रवाई कर जब्ती बनाकर थाने लेकर आई है। इस डीजे-गाड़ी को उसने थाना प्रभारी को छोड़ने के लिए कहा। थाना प्रभारी ने जब डीजे गाड़ी को छोड़ने से इंकार कर दिया तो इस बात पर नेता ने अपनी पहुंच का हवाला देते हुए थाना प्रभारी से तेज आवाज में बातचीत करते हुए दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद भी जब थाना प्रभारी नहीं माने तो इसे लेकर वह गुस्से में आकर थाना प्रभारी के दफ्तर में ही तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। इससे पहले कि पुलिस कुछ समझ पाती, वह तोड़फोड़ कर वहां से चला गया। सूत्र के अनुसार, कथित भाजपा नेता से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस भी इस मामले में कार्रवाई करने से बच रही है। यही कारण है कि घटना के कई घंटों बाद भी मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

होटल नहीं, गांव में मिलेगा ...

संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। ये क्षेत्र कैलाश गुफा, खुड़ियारानी गुफा, बादलखोल अभयारण्य, रानीदाह जलप्रपात, देशदेखा पहाड़ और लोरोघाट सहित कई प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के आसपास स्थित हैं। होम स्टे विकसित होने से पर्यटकों के जशपुर में ठहरने की अवधि बढ़ने और स्थानीय स्तर पर गाइड, परिवहन, भोजन, हस्तशिल्प समेत अन्य सेवाओं में रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है।

युवाओं और महिलाओं को भी...

रहकर गांवों और स्थानीय परिवारों तक पहुंचना चाहिए। जशपुर का होमस्टे क्लस्टर स्थानीय संस्कृति, प्रकृति और आजीविका को एक साथ जोड़ने वाला मॉडल बनेगा। इससे पर्यटकों को स्थानीय अनुभव मिलने के साथ जनजातीय परिवारों के लिए स्थायी आय के अवसर विकसित होंगे।

निगम के दस जोन में विशेष राजस्व वसूली शिविर आज से, नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- संपत्ति कर, बाजार शुल्क, दुकान किराया सहित अन्य देयकों के भुगतान की रहेगी सुविधा

नगर निगम के दस जोन में आम जनता की सुविधा के लिए 16 सितंबर से 30 सितंबर तक विशेष राजस्व वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 30 सितंबर तक बकाया संपत्तिकर का भुगतान करने वालों को 5 फीसदी छूट का लाभ दिया जाएगा। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जोन में विशेष राजस्व वसूली शिविर लगाएं। शहर के ऐसे वार्ड या क्षेत्र, जहां अपेक्षाकृत कम बकायेदार हैं अथवा राजस्व वसूली की पर्याप्त संभावना है, वहां विशेष राजस्व वसूली शिविर आवश्यकतानुसार जोन स्तर पर आयोजित किया जाए। इसके लिए प्रत्येक जोन से एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

राजधानीवासियों को संपत्तिकर, बाजार शुल्क, नगर निगम की दुकानों का किराया सहित अन्य देयकों के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर नगर निगम दस जोन में राजस्व वसूली शिविर 16 सितंबर से 30 सितंबर तक लगा रहा है। शिविर का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। शिविर के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वार्ड स्तर पर मुनादी, पांपलेट, बैनर-पोस्टर लगाकर नागरिकों तक जानकारी पहुंचाने निगम आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है। साथ ही नगर निगम मुख्यालय में विशेष राजस्व वसूली शिविर लगाया जा रहा है।

तेज धूप से बढ़ा तापमान, बदलेगी हवा की दिशा, वातावरण में कम होगी नमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 35 डिग्री पर पहुंचा राज्य का अधिकतम तापमान, चार दिन ऐसा ही मौसम

प्रदेश में बारिश की स्थिति में कमी आने लायक माहौल बनता जा रहा है। बादल छंटने के बाद धूप के प्रभाव से मंगलवार को तेज गर्मी महसूस हुई। धीमे-धीमे हवा की दिशा बदल रही है और वातावरण में मौजूद नमी की मात्रा कम होगी। अगले चार दिन मौसम में बदलाव होने की संभावना कम है, इसके बाद बनने वाला साइक्लोन मौसम को थोड़ा प्रभावित कर सकता है।

इस बार कम समय में ज्यादा असर दिखाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के ज्यादा दिनों तक छत्तीसगढ़ में ठहरने की संभावना भी काफी कम है। राजस्थान से इसकी विदाई जल्द ही प्रारंभ होने का माहौल बन रहा है। इधर प्रदेश में भी वर्षा की गतिविधि कम होती नजर आ रही है। पिछले चौबीस घंटे जगदलपुर में ही सर्वाधिक 6 सेमी. बारिश हुई और अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मंगलवार को राजधानी रायपुर में गर्मी ने अपना तेज असर दिखाया और यहां का अधिकतम तापमान 33.7 तक पहुंच गया। धूप इतनी तेज थी कि गर्मी का अहसास होने लगा। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद बादल और हल्की बारिश की स्थिति साइक्लोन के कारण बन सकती है। आने वाले दिनों में राज्य में आने वाली हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम होगी और नमी आने का दौर खत्म होगा। वातावरण में शुष्कता बढ़ेगी और आने वाले दिनों में बारिश की मौसम समाप्त हो जाएगा।

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

फार्म 'अ'

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री मनीष पदम वैद्य पिता श्री पदम वैद्य निवासी ग्राम बेलाटी पोस्ट कवलेवाडा तहसील तिरोड़ा जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) एवं कु. स्वेता पाटील पिता श्री शंकर पाटील निवासी ए-26 सेक्टर 2 एकता नगर गुढ़ियारी जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक **03 अक्टूबर, 2026** के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक **03 सितम्बर, 2026** को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

अवधि 30 दिन से कम न हो

मुहर

विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्रीमती पारूल जयेस परमार, पति श्री जयेस परमार, निवासी- 502, कर्सन काम्पलेक्स, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि रायपुर विकास प्राधिकरण योजना क्रं. 04 के अंतर्गत कौशल्या माता विहार वाके मौजा- ग्राम- डुण्डा, प.ह.नं. 00072, रा. नि. मं.- रायपुर 14 बोरियाखुर्द, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) है, जिसका भूखण्ड क्रं. ए-202, सेक्टर 06, खसरा नंबर 42 का भाग, रकबा 157.50 वर्गमीटर अर्थात 1695 वर्गफूट स्थित है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 15/09/2026

गीतेश कुमार बैस (अधिवक्ता)
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 6268851791

खबर संक्षेप

जैन मंदिर में श्रावक संस्कार शिविर आज से

रायपुर। दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में 10 दिवसीय 16 से 25 सितंबर तक आवासीय एवं अध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मुनि 108 आगम सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में लगाया जाएगा। 'समयोपदेश वर्षायोग 2026' के अंतर्गत पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के शुभ अवसर पर भव्य 'श्रावक संस्कार शिविर 2026' का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रावकों के जीवन में जैन जीवनशैली, संयम, स्वाध्याय और धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण करना है। शिविरार्थियों की दैनिक दिनचर्या एवं शिविर के दौरान प्रतिदिन भोर से लेकर रात्रि तक आध्यात्मिक साधना एवं अनुशासनबद्ध दिनचर्या का पालन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी के प्रणीत जैन ने देते हुए बताया कि इस संस्कार शिविर में भाग लेने के लिए 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरुष एवं युवक पात्र हैं। आयोजकों ने सकल दिगंबर जैन समाज के युवाओं और पुरुषों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर इस पावन पर्व में आत्म-कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने की अपील की है। जिसकी समय-सारिणी में सुबह 5.30 से सुबह 6 बजे तक प्रार्थना, सुबह 6 से 6.30 बजे तक योग एवं आत्मध्यान, सुबह 6.30 से सुबह 8.15 बजे तक संगीतमय नित्य नियम पूजन, मूलनायक भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया जाएगा।

बीटीआई ग्राउंड में नवरात्रि एवं गरबा का भव्य आयोजन

रायपुर। राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी नवरात्रि पर्व के अवसर पर भव्य नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को सिविल लाइंस में समिति की बैठक संयोजक संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने आगामी नवरात्रि उत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की।

पीएम आवास पर बहस के बाद सोशल मीडिया पर भाजपा और कांग्रेस में छिड़ा पोस्टर वार

भाजपा -जनता ने इनकमिंग भी बंद कर दी मिस्टर एटीएम
भूपेश बोले- छोटा रिचार्ज केवल रील बनाने के लिए ही ठीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर मंगलवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के बीच तीखी बहस के तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सोशल मीडिया पर नया पोस्टर वार छिड़ गया। दोनों ही प्रमुख दलों के नेताओं ने इंटरनेट पर एक-दूसरे के खिलाफ तीखे बयानों से हमला किया।

दरअसल प्रेस क्लब में आयोजित विशेष परिचर्चा में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण तथा स्वीकृति से संबंधित आंकड़ों को लेकर दोनों नेता आमने-सामने आए थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कामकाज और नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए थे।

जनता ने बंद कर दी इनकमिंग

भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीधा निशाना साधा। भाजपा ने पहले पोस्टर में लिखा कि तुम्हारी इनकमिंग भी जनता ने बंद कर दी है मिस्टर एटीएम, अगली बार राहुल गांधी को भेजना। इसके अतिरिक्त, भाजपा ने एक और पोस्टर साझा किया, जिसमें आंकड़ों की सटीकता का दावा किया गया। दूसरे पोस्टर में भाजपा ने लिखा कि हवाबाजी का बंटाधार हुआ और सही आंकड़ों के साथ भ्रम का गुब्बारा फूट गया। इन पोस्टरों के जरिये भाजपा ने अपनी सरकार के आंकड़ों को पूरी तरह सही ठहराया और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की नीतियों को कटघरे में खड़ा किया।

छोटा रिचार्ज केवल रील बनाने के लिए : भूपेश

दूसरी तरफ, सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा पर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि अगली बार किसी समझदार को चर्चा के लिए भेजना चाहिए। साथ ही उन्होंने आगे लिखा कि छोटा रिचार्ज केवल रील बनाने के लिए ही ठीक है। भूपेश बघेल के इस बयान के बाद दोनों राजनीतिक दलों के बीच वाकयुद्ध और अधिक तीव्र हो गया है।

आंकड़ों की सत्यता पर सवाल

सोशल मीडिया पर डिबेट की फोटो साझा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़ों की सत्यता पर सवाल खड़े किए थे। इस बहस के समाप्त होने के बाद ही दोनों दलों के बीच सोशल मीडिया पर पोस्टर और तीखे बयानों का सिलसिला आरंभ हुआ। कांग्रेस के पोस्टर में प्रचारित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास पर विजय शर्मा ने इन झूठों को स्वीकार कर लिया। यह छत्तीसगढ़ की जनता की दुष्प्रचार पर जीत है। 2023 में भाजपा सरकार ने 18 लाख आवासों की स्वीकृति का दावा किया, वह झूठ है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने तीन दौरों पर 10 लाख आवास स्वीकृति का दावा किया था, वह भी झूठ है। प्रचार की आड़ में छिपना बंद कीजिए, विष्णुदेव साय धरातल पर आइए और सच्चाई का सामना कीजिए।

एआईसीसी सचिव के लिए इंटरव्यू, छत्तीसगढ़ से अब तक चार पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में राष्ट्रीय संगठन को लेकर चल रही हलचल के बीच दीपक मिश्रा, कोको पाढ़ी और नरेश ठाकुर के बाद अब सुबोध हरितवाल का भी इंटरव्यू हुआ है। एआईसीसी में राष्ट्रीय सचिव पद के चयन की प्रक्रिया के तहत छत्तीसगढ़ के नेताओं से बातचीत की जा रही है। 10 सितंबर से शुरू हुई चयन प्रक्रिया में अब तक चार नेताओं को एआईसीसी ने तलब किया है।

- सुबोध हरितवाल, दीपक मिश्रा, कोको पाढ़ी, नरेश ठाकुर दे चुके हैं इंटरव्यू

पूर्व में दीपक मिश्रा, कोको पाढ़ी और नरेश ठाकुर को राष्ट्रीय सचिव पद के चयन की प्रक्रिया के तहत दिल्ली बुलाया गया था। तीनों नेताओं के इंटरव्यू के बाद अब सुबोध हरितवाल का नाम भी इसमें जुड़ गया है। इंटरव्यू और चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही यह साफ होगा कि छत्तीसगढ़ से किस नेता को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिलती है।

राहुल-प्रियंका समेत राष्ट्रीय नेतृत्व ले रहा इंटरव्यू

राष्ट्रीय सचिवों के चयन की प्रक्रिया में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की भूमिका बताई जा रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत राष्ट्रीय नेतृत्व इस प्रक्रिया से जुड़ा है। छत्तीसगढ़ से लगातार नेताओं को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाना प्रदेश कांग्रेस के लिए अहम माना जा रहा है।

दूसरी महिला से शादी करने में अड़चन बन सकती थी प्रेमिका, इसलिए कर दी हत्या

पीछा छुड़ाने विवाहिता को लगा दी थी आग, प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के माना क्षेत्र में एक विवाहिता पर पेट्रोल उड़ेलकर जिंदा जलाने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतका का प्रेमी निकला, जो उससे पीछा छुड़ाना चाहता था, इसलिए उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी पहले जेल में था। उस पर मृतका की सास की हत्या के प्रयास का आरोप है। जेल से छूटते ही उसने अपनी प्रेमिका को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और मौका मिलते ही उसे बहाने से अपने साथ ले जाकर वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, माना थाना क्षेत्र में विवाहिता राजकुमारी साहू को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने के मामले में उसके प्रेमी वीरू धीवर (26) को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतका उसकी प्रेमिका थी तथा उसकी सास की हत्या का भी वह प्रयास किया था, जिसके अपराध में वह जेल गया था। जेल से छूटकर आया तो वह दूसरी महिला के साथ शादी कर अपना घर बसाना चाहता था, क्योंकि राजकुमारी अन्य कई लोगों की संपर्क में थी तथा उनसे बातचीत करती थी। वीरू को यह पसंद नहीं था, इसलिए वह शादी के लिए युवती भी ढूंढ रहा था, लेकिन राजकुमारी उसकी शादी में अड़चन पैदा कर सकती थी।

विवाहिता को आधी रात ब्वॉय फ्रेंड ने पेट्रोल डालकर आग लगाई, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

माना थाना क्षेत्र में रविवार देर रात महिला पर उसके ब्वॉय फ्रेंड ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह से आग बुझाई और उसे उपचार कराने डॉयल-112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। महिला 50 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गई थी। उपचार के दौरान डीकेएस अस्पताल में महिला की मौत हो गई।

- आरोपी ने पांच वर्ष पूर्व महिला की सास पर भी किया था जानलेवा हमला

जानकारी के अनुसार, आरंग निवासी राजकुमारी साहू का गांव के ही युवक वीरू धीवर के साथ पांच साल से ज्यादा समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी मिलने पर महिला को उनके ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया था। इसके बाद भी महिला का आरोपी के साथ प्रेम प्रसंग चलता रहा। बताया जा रहा है कि महिला पर आरोपी ने पेट्रोल डालकर आग लगाई, तब लोग अपने घरों में सो रहे थे। महिला के शोर मचाने के बाद लोग अपने घरों से निकलकर उसे बचाने के लिए दौड़े। महिला के बयान के आधार पर पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस उसके छिपने के संभावित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

5 साल से प्रेम संबंध

पुलिस जांच में पता चला है कि राजकुमारी मूल रूप से समोदा क्षेत्र की निवासी थी। करीब आठ साल पहले उसकी शादी आरंग क्षेत्र के मोखला में हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। लगभग 5 साल पहले वीरू से उसकी मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए थे। बताया गया कि परिवार को भी दोनों के संबंध की जानकारी हो गई थी, जिसके बाद विवाद बढ़ने लगा था। इसी विवाद पर वर्ष 2021 में आरोपी ने राजकुमारी की सास पर जानलेवा हमला किया था।

एटीसी गार्ड ने दी पुलिस को सूचना

आग की लपटों में घिरी राजकुमारी को एयरपोर्ट के पीछे एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टॉवर पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने देखा। उसने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। पुलिस ने गंभीर रूप से झुलसी महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई।

योजना बनाकर दिया हत्या को अंजाम

आरोपी ने इसे देखते हुए राजकुमारी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के अनुसार घटना वाले दिन उसने अपना मोबाइल बंद कर घर पर छोड़ दिया, ताकि पुलिस उसका लोकेशन ट्रेस न कर सके। इसके बाद पेट्रोल पंप से एक बोतल में पेट्रोल लिया और उसे अपनी गाड़ी की डिक्की में रख लिया। आरोपी घटनास्थल से पहले से परिचित था। वह राजकुमारी को बहाने से माना एयरपोर्ट के पीछे सुनसान रास्ते पर ले गया, जहां उसका अपनी प्रेमिका से विवाद हो गया। इस बीच उसने डिक्की से पेट्रोल की बोतल निकाली और राजकुमारी पर उसे उड़ेलकर आग लगा दी। आग की लपटों से घिरी राजकुमारी चीखते हुए सड़क पर भागने लगी। इसी दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया था।

मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के बजाय महंगाई और बेरोजगारी महंगाई दिवस के रूप में मनाए भाजपा : बैज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा किए जा रहे सेवा पखवाड़े को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने के बजाय भाजपा को इसे उनकी सरकार की उपलब्धियों के आधार पर बेरोजगारी दिवस, महंगाई दिवस, वादाखिलाफी दिवस, किसान दगा दिवस, नोटबंदी दिवस, जीएसटी दिवस और जुमला दिवस के रूप में मनाना चाहिए।

श्री बैज ने कहा, परंपरा रही है कि किसी महापुरुष के जन्मदिवस को उनकी पहचान और योगदान के अनुरूप मनाया जाता है।

- मोदी सरकार के कार्यकाल में नोटबंदी और जीएसटी दो बड़े फैसले रहे

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, भुखमरी और आर्थिक असमानता में बढ़ोतरी शामिल है। किसानों से किए वादों को पूरा नहीं किया गया और किसानों के साथ धोखा हुआ है।

मोदी सरकार के कार्यकाल में नोटबंदी और जीएसटी दो बड़े फैसले रहे हैं, लेकिन इनका असर आम जनता और छोटे कारोबारियों पर पड़ा। कांग्रेस का आरोप है कि इन फैसलों से अर्थव्यवस्था और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए

उन्होंने कहा, यदि भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को उनकी सरकार की उपलब्धियों के आधार पर मनाना चाहती है तो उसे इन मुद्दों पर भी जनता के बीच जाना चाहिए। सेवा पखवाड़े के नाम पर सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करने के बजाय भाजपा को महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और आम जनता से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए।

पारवानी को कैट दिल्ली के प्रदेश प्रभारी का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने संगठन स्तर पर सक्रिय और कुशल नेतृत्व करने वाले अमर पारवानी को दिल्ली का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। नया दायित्व मिलने पर श्री पारवानी ने कैट के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक नई दिल्ली प्रवीण खण्डेलवाल ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे।

- कैट के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

श्री पारवानी का प्रमुख फोकस दिल्ली के व्यापारियों को एकजुट करने, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने लाने तथा केंद्र सरकार एवं संबंधित विभागों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने पर रहेगा।

कैट छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंह देव, कपिल दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने संगठन के राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एवं अनुभवी नेतृत्वकर्ता अमर पारवानी को दिल्ली का प्रदेश प्रभारी नियुक्त कर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके इस नवीन दायित्व से दिल्ली के व्यापारिक संगठनों एवं व्यापारी समुदाय में उत्साह का माहौल है।

संत बाबा हरदास राम का वर्सी महोत्सव 14 अक्टूबर से

रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदासराम राम साहेब का 35वां वर्सी महोत्सव तीन दिवसीय 14 से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी व जलगांव धाम के महंत साई देवीदास के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम के दौरान गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा और विशाल निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर तथा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जाएगा, तीनों दिन अनेक कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरी इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, अनिल तुल्यानी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। वर्सी महोत्सव में प्रमुख रूप से आशीर्वाद देने सांई राजेश लाल अमरावती, सांई युधिष्ठिर लाल साहेब शदाणी दरबार तीर्थ, सांई कालीराम साहेब उल्हासनगर, शिव शांति आश्रम लखनऊ जुगल जोड़ी सरकार, सांई अर्जुन दास साहेब उल्हासनगर, सांई नितीन कुमार अयोध्या धाम उत्तरप्रदेश, सांई कमल कुमार नागपुर, सांई सनी कुमार नागपुर, सांई लालदास चकरभाटा, सांई फकीराराम साहेब खटवारी दरबार नागपुर, मधुसूदन बापू उल्हासनगर, छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के संतजन, सांई राजकुमार बाबा किशाराम दरबार, सांई कृष्णदास, सांई बलरामदास, सांई सुदामालाल चकरभाटा, सांई रामचंद वाधवा, स्वामी हरिगिरी महाराज सेवा समिति, भाई महेश कुमार जग्यासी, बाबा गुरदास राम दरबार धमतरी व अनेक संत-महात्मा आएंगे, इसके अलावा सुप्रसिद्ध कथावाचक मधुसूदन बापू उल्हासनगर सनातन धर्म पर कथा सुनाएंगे।

महिला स्वास्थ्य अधिकारियों से अभद्र व्यवहार करने वाले बेमेतरा सीएमएचओ निलंबित, बस्तर भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महिला स्वास्थ्य अधिकारियों से अभद्रता एवं बैड टच के आरोप में बेमेतरा के जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहलेडर को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ बेमेतरा के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया था और कार्रवाई नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी दी थी। सीएमएचओ को निलंबन अवधि के दौरान बस्तर मुख्यालय शिफ्ट किया गया है।

- स्वास्थ्य कर्मचारियों ने खोला था मोर्चा, हड़ताल की दी थी चेतावनी

डा. रोहलेडर पर आरोप था कि वह महिला स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और उन्हें सार्वजनिक रूप से अमर्यादित भाषा बोलकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है। एनएचएम कर्मचारी संगठन ने अगस्त माह में उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और उन पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। लगातार होने वाली शिकायत और गंभीर आरोप के बाद सीएमएचओ के खिलाफ जांच समिति की गठित की गई। जांच के दौरान संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए। जांच प्रतिवेदन में डॉ. रोहलेडर के

विरुद्ध अनुचित भाषा के प्रयोग और अनुचित स्पर्श से संबंधित आरोपों की प्रथम दृष्टया पुष्टि हो गई। जांच कमेटी ने संबंधित सीएमएचओ के खिलाफ अनुशासनात्क कार्रवाई करने की सिफारिश की थी। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए डॉ. रोहलेडर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत निलंबित कर दिया है। इसके अलावा निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, जगदलपुर संभाग-बस्तर निर्धारित किया गया है। वे सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

मर्यादित आचरण बनाए रखना महत्वपूर्ण : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि "स्वास्थ्य aसेवाओं से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर समाज की सेवा के साथ ही संवेदनशील तथा मर्यादित आचरण बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। किसी भी पद पर बैठा व्यक्ति नियमों और मर्यादाओं से ऊपर नहीं है। शिकायत मिलने पर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर बख्शा नहीं जाएगा। विभाग में भयमुक्त, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विस्थापित करने में खर्च होंगे लाखों रुपए, इसलिए हटा नहीं रहे

स्कूल भवन-परिसर से गुजरे विद्युत तारों से बच्चों को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई सरकारी स्कूलों में लगे विद्युत लाइन के तार बच्चों के लिए खतरा बनकर लटक रहे हैं, क्योंकि कहीं तार स्कूल भवन के ऊपर से तो कहीं स्कूल मैदान के बीचो-बीच लगे विद्युत खंबे से गुजरे हुए हैं, जो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से लेकर शिक्षकों के लिए किसी खतरे से कम नहीं हैं। ये विद्युत तार कई साल पुराने होने के कारण इनके टूटकर गिरने की आशंका बनी हुई है। अगर स्कूल संचालन के दौरान ऐसा कोई हादसा होता है तो इससे बच्चों सहित शिक्षक भी इन तारों के करंट की चपेट में आ सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा होने से भी इंकार किया नहीं जा सकता। इन स्कूलों द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर खंबों एवं तारों को विस्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन विस्थापित करने से लाखों रुपए खर्च लगना है, इसलिए बजट

स्वीकृत नहीं होने के कारण ये कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण इन स्कूलों पर खतरा बनकर विद्युत तार लटक रहे हैं।

फंड जारी होने पर ही विस्थापित किए जाएंगे खंबे-तार

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में उपाध्यक्ष संदीप यदु ने इस मामले में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन यंत्री से जानकारी मांगी थी। इस पर उन्होंने बताया कि जिला पंचायत रायपुर के माध्यम से जब तक शासन से फंड स्वीकृत नहीं होगा, इन खंबों और तारों को विस्थापित किया जाना संभव नहीं है।

केस:1

अभनपुर क्षेत्र में स्थित ग्राम कोलर स्थित शासकीय हाईस्कूल के खेल मैदान के बीचो-बीच विद्युत खंबा लगा हुआ है। इस खंबे से गुजरे हाईटेंशन तार मैदान के ऊपर हवा में लटक रहे हैं। इस मैदान में हर दिन स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे खेलकूद करते हैं। ऐसे में अगर कभी तार बारिश या तेज हवाओं के कारण टूटकर मैदान में आ गिरे तो इससे बच्चे भी उसकी चपेट में आ सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। इस खंबे और तारों को विस्थापित करने में लगभग 4 लाख 75 हजार रुपए खर्च होने का अनुमान है।

केस:2

इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल कुर्रू में भी हाईटेंशन विद्युत लाइन स्कूल भवन के ऊपर से गुजरी हुई है, जो सालों पुरानी है। स्कूल की ओर से इन विद्युत तारों को विस्थापित करने प्रस्ताव दिया हुआ है। इन तारों को हटाने के लिए डेढ़ लाख रुपए का खर्च अनुमानित है, लेकिन फंड के अभाव में अब तक ये तार विस्थापित नहीं किए गए हैं।

हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 16 सितंबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

नवा रायपुर में मंगलवार से शुरू हुए डीपी वर्ल्ड नवा रायपुर ओपन 2026 में देश-विदेश के पेशेवर गोल्फर्स का दमखम देखने को मिला। प्रतियोगिता में इस बार भी विदेशी खिलाड़ियों ने नवा रायपुर के गोल्फ कोर्स में खेलने में खास दिलचस्पी दिखाई है। लगातार दूसरे वर्ष यहां खेलने पहुंचे आधा दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने कोर्स की बनावट, फेयरवे और खेल की परिस्थितियों को बेहतर बताया।

दूसरे साल भी देश-विदेश के गोल्फर्स को भाया रायपुर, सटीक शॉट और रणनीति से दिखाया दम

डीपी वर्ल्ड नवा रायपुर ओपन 2026 में पेशेवर गोल्फर्स का देखने मिला दमखम

रायपुर। मंगलवार को खिलाड़ी फेयरवे से सटीक शॉट लगाकर गेंद को ग्रीन की ओर पहुंचाने की कोशिश करते नजर आए। लंबे शॉट के बाद गेंद की स्थिति और होल से दूरी का आकलन करते हुए खिलाड़ियों ने अगले शॉट के लिए क्लब का चयन किया। ग्रीन के करीब पहुंचने के बाद पुटिंग में सटीकता हासिल करना भी खिलाड़ियों के लिए चुनौती रहा।

रायपुर में मध्य भारत का पहला 18-होल गोल्फ कोर्स

नवा रायपुर स्थित फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट का गोल्फ कोर्स 450 एकड़ में फैली झांझ झील के किनारे विकसित किया गया है और करीब 500 एकड़ के वन क्षेत्र से घिरा हुआ है। यह मध्य भारत का पहला 18-होल गोल्फ कोर्स है। कोर्स का पार 69 है और इसकी लंबाई करीब 6,000 यार्ड है। ऑस्ट्रेलिया की पैसिफिक कोस्ट डिजाइन ने इस गोल्फ कोर्स की डिजाइन और विस्तृत प्लानिंग तैयार की है, जबकि परियोजना प्रबंधन एसजीडीसी ने किया है।

परिस्थितियों का आकलन कर खेला शॉट

गोल्फ में प्रत्येक शॉट के लिए दूरी, हवा की दिशा, कोर्स की बनावट और गेंद की स्थिति को ध्यान में रखना पड़ता है। इसी रणनीति का नजारा नवा रायपुर के कोर्स पर देखने को मिला। खिलाड़ी शॉट लगाने से पहले कुछ क्षण रुककर दूरी और परिस्थितियों का आकलन करते और फिर नियंत्रित स्विंग के साथ गेंद को लक्ष्य की ओर भेजते नजर आए। नवा रायपुर के फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट में हो रही इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग होल की चुनौतियां भी देखने को मिलीं। कहीं लंबे ड्राइव की जरूरत पड़ी तो कहीं सटीक अप्रोच शॉट और पुटिंग ने खिलाड़ियों की परीक्षा ली। विदेशी खिलाड़ियों की लगातार दूसरी बार यहां भागीदारी से नवा रायपुर के गोल्फ कोर्स की पहचान देश के बाहर भी मजबूत होने का संकेत मिल रहा है।

पानी, बंकर से बढ़ी चुनौती

हरिभूमि से बातचीम में खिलाड़ियों ने बताया कि रायपुर के कोर्स में पानी, बंकर और अलग-अलग रिस्क-रिवार्ड शॉट खिलाड़ियों के कौशल की परीक्षा लेते हैं। ऐसे में यहां केवल लंबा ड्राइव लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रत्येक शॉट से पहले दूरी, गेंद की स्थिति और सामने मौजूद बाधाओं का आकलन करना भी जरूरी होता है। 18 होल के इस कोर्स में खिलाड़ी टी से ड्राइव, फेयरवे से अप्रोच शॉट और ग्रीन पर पुटिंग के जरिए कम से कम शॉट में गेंद को होल में पहुंचाने की कोशिश करते हैं। यही रणनीति और सटीकता इस कोर्स को चुनौतीपूर्ण बनाने के साथ-साथ खिलाड़ियों के लिए रोमांचक भी बनाती है।

एजुकेशन अलर्ट

आरआरबी पैरामेडिकल भर्ती समेत यूपीएससी के विभिन्न पदों के लिए आवेदन हुए शुरू

रायपुर। रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। आरआरबी पैरामेडिकल भर्ती के लिए आज यानी 15 सितंबर से आवेदन स्टार्ट कर दिए गए हैं। इस भर्ती के लिए पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल rrbapply.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 14 अक्टूबर 2026 एवं फीस जमा करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित क्षेत्र में बीएससी, डिप्लोमा, GNM, D.Pharm, DMLT आदि किया हो। इसके अलावा पैरामेडिकल पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु पदानुसार 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी। पात्रता एवं मापदंड से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। इस भर्ती में आवेदन के साथ ही जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 500 रुपए जमा करना होगा।

यूपीएससी ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन

संघ लोक सेवा योग की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर, असिस्टेंट एडिटर, पब्लिक लॉ समेत अन्य पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन प्रॉसेस स्टार्ट हो चुकी है और फॉर्म भरने की लास्ट डेट कुछ पदों के लिए 2 अक्टूबर एवं पीएलओ, डीएलओ पोस्ट के लिए 9 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। ऐसे में जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट **upsconline.nic.in** पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों ने पद के अनुसार संबंधित क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री-डिप्लोमा/ एमबीबीएस / लॉ डिग्री/ जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री या मास कम्युनिकेशन आदि किया हो। पात्रता से जुड़ी पदानुसार जानकारी के लिए उम्मीदवार इस पेज पर दी गई नोटिफिकेशन का अवलोकन कर लें।

सिटी इवेंट

महोत्सव में बिखरे संस्कृति व नारी शक्ति के रंग, पूजा बनीं तीज क्वीन

रायपुर। जेके फाउंडेशन के तत्वावधान में तीज महोत्सव एवं तीज क्वीन 2026 का रंगारंग आयोजन हुआ। समारोह में परंपरा, संस्कृति, सौंदर्य और नारी शक्ति का मनोहारी संगम देखने को मिला। समारोह में पंडवानी लोकगायिका एवं पद्मश्री उषा बारले, कृष्ण जन्मभूमि की राष्ट्रीय प्रचारक डॉ. नेहा गुप्ता, टी जया, रुचि जैन, डॉ. हर्षिता तिवारी, बिंदू सोनी, अर्चना वर्मा, नईशा और अंजू कुशवाहा उपस्थित रहीं। तीज क्वीन प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में मुस्कान आहूजा, किरण रात्रे, शीबा हारवे और डॉ. दीपा मघानी थी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन 2026 प्रतियोगिता रही, जिसे तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया। मुख्य कैटेगरी में पूजा यादव ने तीज क्वीन का खिताब अपने नाम किया। सृजना फर्स्ट रनरअप और नंदिनी भुजेल सेकंड रनरअप रहीं। गोल्ड कैटेगरी में भारती साहू विजेता बनीं, जबकि पी जया फर्स्ट रनरअप तथा शशिकला गजेंद्र और सुनीता मुरकुटे सेकंड रनरअप रहीं। क्लासिक कैटेगरी में सपना सोनार और उमा महेश्वरी को विजेता घोषित किया गया। मंजू कुर्रे फर्स्ट रनरअप तथा ज्योति शांडिल्य और टी वीणा सेकंड रनरअप रहीं। वहीं सरोज निर्मलकर को तीज ग्लैमर, अनीता माधव को तीज स्टार और माधुरी नायक को

तीज दीवा के खिताब से नवाजा गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, दुर्गा, काली और महागौरी जैसे देवी-देवताओं के रूप में भारतीय संस्कृति की विविधता जीवंत कर दी। महोत्सव में बी पूर्वी ने जहां भरतनाट्यम के माध्यम से शिव की स्तुति प्रस्तुत कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा वहीं हिंदी और तेलुगु गीतों पर थिरकती महिलाओं ने समारोह में उमंग और उत्साह भर दिया। इस अवसर पर आयोजक टी जयारेड्डी ने कहा कि तीज महोत्सव महज एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नारी शक्ति, भारतीय संस्कृति और महिला प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का मंच है। आयोजन में शारदा, रेखा राव, आशा रानी, प्रतिमा, वंदना, विभा शर्मा, ईशा, गुनाराव, जया, रोहिणी, संगीता, पूजा, मनसा, पी लक्ष्मी, विजयलक्ष्मी, हर्षा, नीता, निर्मला,पार्वती और गीता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

रचनात्मकता के रंगों से सजी कार्यशाला मिट्टी से बनाई भगवान गणेश की प्रतिमा

रायपुर । एवाईसी की टीम द्वारा गणेश प्रतिमा निर्माण एवं सजावट कार्यशाला का आयोजन किया गया। रचनात्मकता, कला और संस्कारों से जुड़े इस दो दिवसीय आयोजन में एवाईसी परिवार के 31 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। कार्यशाला का उद्देश्य सदस्यों को भगवान गणेश की प्रतिमा स्वयं तैयार करने का अनुभव प्रदान करने के साथ ही कला, सृजनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने मिट्टी से अपने हाथों से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ मिट्टी को विभिन्न आकार देते हुए भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाओं को साकार किया। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिमाओं को रंगों, सजावटी सामग्रियों और कलात्मक कल्पनाशीलता के माध्यम से आकर्षक रूप प्रदान किया गया।

आकर्षक साज-सज्जा को मिली सराहना

बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गणेश प्रतिमाओं को अलग-अलग स्वरूपों में सजाया। प्रतिभागियों द्वारा निर्मित गणेश प्रतिमा और आकर्षक साज-सज्जा को सराहना मिली। यह आयोजन अध्यक्ष प्रीति पराग गोयल, सचिव अंशु पलाश सिंघानिया, सांस्कृतिक सचिव बिन्नी मयंक सिंघल के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के रचनात्मक एवं पारिवारिक आयोजन सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव और सहयोग की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ बच्चों और युवाओं को अपनी कला एवं संस्कृति से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

बच्चों ने दी भगवान महावीर के जन्म प्रसंग और उनके जीवन संदेश पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति

रायपुर। जय आनंद मधुकर रतन भवन में भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम जैन संत डॉ. मणिभद्र मुनि एवं साध्वी लक्ष्मी के सानिध्य में आयोजित किया गया। जन्म वाचन समारोह के अवसर पर जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला के बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म प्रसंग एवं उनके जीवन संदेश पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और सभी ने करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. मणिभद्र मुनि ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म वाचन का वाचन करते हुए

भक्तिमय भजन प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवान महावीर के जीवन, त्याग, तपस्या, संयम और अहिंसा के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान महावीर का जीवन संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सुख है और परतंत्रता को हम दुख समझते हैं, लेकिन स्वच्छंदता व्यक्ति को लगामहीन बना देती है। जीवन में स्वतंत्रता के साथ अनुशासन और संयम का होना अत्यंत आवश्यक है। भगवान महावीर ने संयमित जीवन के माध्यम से आत्मकल्याण का मार्ग दिखाया।

कार्नर न्यूज

जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल ने 'अनेकता में एकता' थीम के साथ जेसी वीक का किया समापन

लोकनृत्य में दिखा हुनर और जोश, कलाबाजी ने बांधा समां

रायपुर। अलग-अलग राज्यों की लोक संस्कृति, रंग-बिरंगे परिधान और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां..., मंच पर कहीं पारंपरिक लोकनृत्य की छटा दिखी तो कहीं कलाकारों ने हैरतअंगेज कलाबाजी और संतुलन का प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। विमतारा हॉल, शांति नगर में मंगलवार को जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल की ओर से आयोजित अनेकता में एकता-लोक नृत्य प्रतियोगिता में संस्कृति और रोमांच का ऐसा ही संगम देखने को मिला। सात दिनों तक चले जेसी वीक का समापन इसी रंगारंग आयोजन के साथ हुआ। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों की पारंपरिक नृत्य शैलियों को मंच पर जीवंत किया। प्रस्तुतियों के दौरान कलाकारों की वेशभूषा, भाव-भंगिमाओं और तालमेल ने माहौल को आकर्षक बना दिया। कुछ प्रस्तुतियों में कलाकारों ने शानदार शारीरिक संतुलन और कलात्मक मुद्राओं का प्रदर्शन किया। तीन से चार कलाकारों की टीम ने एक-दूसरे के सहारे कठिन मुद्राएं बनाकर प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान खींचा। वहीं पारंपरिक वेशभूषा में किए गए लोकनृत्य ने कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग बिखेरे।

सात दिनों में सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियां

प्रतियोगिता में श्वेता ग्रुप ने प्रथम, माही शासम ने द्वितीय और पालोटी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सर्वश्रेष्ठ समन्वय का पुरस्कार आरएम डांस जोन तथा सर्वश्रेष्ठ परिधान का पुरस्कार शक्ति विप्र को दिया गया। वहीं 'दिल तो बच्चा है जी' और अन्य प्रस्तुतियों में एनर्जेटिक ग्रुप व आर्टिस्टिक ग्रुप ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि ज्योति शर्मा और मुख्य अतिथि मीनाक्षी टुटेजा उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता का निर्णय धारिणी सोनी और मानसी पटेल ने किया। जेसीआई वामा कैपिटल ने जेसी वीक के सात दिनों में सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया।

चितवन वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया

पहले दिन 'प्रकृति सिप' के तहत स्टील की पानी की बोतलें बांटी गईं। इसके बाद 'आवाजें युवा', 'मानवीय कर्तव्य एवं डिजिटल आउटरीच', जेकोम के साथ 'व्यवसाय मंच', 'भविष्य को आकार दें-नई पीढ़ी के सदस्य परिचय' और 'फूलों का आंगन' जैसे प्रोजेक्ट आयोजित किए गए। 'फूलों का आंगन' में महासमुंद के चितवन वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया गया। कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर आरती पराटे और सुरभि गुरु तथा कोऑर्डिनेटर रूपा सिंह रहीं। इस अवसर पर प्रेसिडेंट धृति शर्मा, फाउंडर प्रेसिडेंट लीना वाधेर, चैप्टर कन्वेनर रुपाली दुबे, चैप्टर इंचार्ज आंचल पंजवानी, वामा की सेक्रेटरी, पास्ट प्रेसिडेंट्स और सदस्य मौजूद रहे। जानकारी पीआरओ दीया मूलचंदानी ने दी।

गणेशोत्सव

रावणभाठा गणेश उत्सव समिति, रिंगरोड भाठागांव

श्री गणेश उत्सव समिति, सब्जी बाजार भाठागांव

श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति, पटेल चौक, टिकरापारा

श्री गौरीशंकर गणेशोत्सव समिति, आकाशवाणी चौक

नवयुवक गणेशोत्सव संघ, राजीव गांधी चौक

नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव, मालवीय रोड

व्यापारी संघ, बैजनाथ पारा

गाड़ा समाज ने भक्ति और उत्साह के साथ मनाया नुआखाई का पर्व, निभाई नुआखाई जुहार-भेंटघाट की रस्म

नुआखाई पर कुलदेवी-देवताओं को अर्पित किया नया अन्न का भोग, मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

नुआखाई के पावन अवसर पर राजधानी में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहा। शहर के गाड़ा समाज जनों ने कुल देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नया अन्न अर्पित किए और सुख-समृद्धि की कामना की। इस पावन पर्व पर समाज-जन एक-दूसरे से मिलकर "नुआखाई जुहार" किए और अपनी संस्कृति की सुंदरता और सामाजिक एकता का भाव प्रगट किया। समाज के लोगों ने नुआखाई नवान्न ग्रहण किया और अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

रायपुर। नुआखाई के पावन अवसर पर गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने गाड़ा समाज के पावन महापर्व नुआखाई के अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में निवासरत गांड़ा समाज के सभी भाई-बहनों, मातृशक्ति, युवाओं और बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि नुआखाई केवल नया अन्न ग्रहण करने का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, धरती माता, अन्नदाता और अपने कुल देवी-देवताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की हमारी महान सांस्कृतिक परंपरा है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों, पूर्वजों, रीति-रिवाजों और सामाजिक भाईचारे से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि नुआखाई के पावन अवसर पर समाज के परिवार अपने कुल देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सर्वप्रथम नया अन्न उन्हें अर्पित करते हैं और उसके बाद नवान्न ग्रहण करते हैं। छोटे अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं और समाजजन एक-दूसरे से मिलकर "नुआखाई जुहार" करते हैं। यही हमारी संस्कृति की सुंदरता और सामाजिक एकता की ताकत है।

राजधानी में नुआखाई की धूम, कुलदेवी-देवताओं की पूजा के साथ किया नवान्न ग्रहण

गाड़ा समाज का प्रमुख सांस्कृतिक एवं पारंपरिक महापर्व नुआखाई मंगलवार को राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न हिस्सों में पूरे उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक भाईचारे के साथ मनाया गया। समाजजनों ने नए वस्त्र धारण कर अपनी कुलदेवी-कुलदेवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सर्वप्रथम देवी-देवताओं तथा पूर्वजों को नए अन्न से निर्मित प्रसाद अर्पित किया। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों ने नवान्न ग्रहण कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और समाज की उन्नति की कामना की। राष्ट्रीय गाड़ा महासमाज के संस्थापक अधिवक्ता भगवानू नायक ने सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में निवासरत गाड़ा समाज के लोगों से राष्ट्रीय गाड़ा महासमाज से जुड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आव्हान किया। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में वे समाज के राष्ट्रीय नेता मनमोहन कुमार, बनमाली छुरा, युवा नेता आशीष तांडी, युवा नेता मंसू निहाल, युवा नेता जितेंद्र नायक आदि नेताओं एवं समाजिक कार्यकर्ताओं के साथ देश के गाड़ा समाज की बहुलता वाले विभिन्न राज्यों में जाएंगे और वहां के सामाजिक संगठनों, वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे तथा समाज को जगाने का काम करेंगे।

नशा मुक्ति और बेटियों को शिक्षित बनाने का लिया संकल्प

समाज जनों ने "नुआखाई के इस पवित्र अवसर पर संकल्प लिया कि समाज की कोई बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी, कोई महिला अपने अधिकार और सम्मान के लिए अकेली नहीं रहेगी और हम नशामुक्त, शिक्षित, संगठित तथा आत्मनिर्भर समाज के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करेंगे। साथ ही युवाओं से भी अपील किया कि आधुनिकता के साथ आगे बढ़ना आवश्यक है, लेकिन अपनी संस्कृति और पहचान को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमारी नई पीढ़ी जितनी उच्च शिक्षा प्राप्त करे, उतना ही अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ी रहे।

नुआखाई समृद्ध कृषि संस्कृति और लोक परंपराओं का पर्वः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई फसल के स्वागत और प्रकृति के अनुपम उपहार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाले पावन पर्व नुआखाई के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अन्नदाता किसानों की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और सभी परिवारों की खुशहाली की मंगलकामना की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नुआखाई समृद्ध कृषि संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। नई फसल के आगमन की खुशी में मनाया जाने वाला यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, अन्न के सम्मान और किसान के अथक परिश्रम के प्रति आदर का भाव प्रकट करता है। खेतों में उपजी नई फसल केवल किसान की मेहनत का प्रतिफल नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा और हमारी कृषि प्रधान संस्कृति की समृद्धि का भी प्रतीक है।

संवत्सरी पर आत्मचिंतन और क्षमा की आराधना, दिनभर हुए धार्मिक अनुष्ठान

रायपुर। आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण दिन संवत्सरी मंगलवार को दादाबाड़ी और सदर बाजार जैन मंदिर में श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न हुआ। सुबह से शाम तक हुए विभिन्न धार्मिक आयोजनों में श्रीसंघ के श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। पौषद, बारसा सूत्र का वांचन, चैत्य परिपाटी और प्रतिक्रमण के माध्यम से श्रद्धालुओं ने आत्मचिंतन, प्रायश्चित, करुणा और क्षमा की साधना की। संवत्सरी के अवसर पर सुबह 5 बजे पौषद का आयोजन हुआ। इसके बाद सुबह 7.30 बजे प्रवचन के दौरान बारसा सूत्र का वांचन किया गया। बारसा सूत्र में तीर्थंकरों के चरित्र, साधु समाचारी और उत्कृष्ट जीवन जीने की प्रेरणा का समावेश होता है। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं ने संयम और आत्मकल्याण के मार्ग को समझने का प्रयास किया।

दादाबाड़ी से सदर बाजार तक निकली चैत्य परिपाटी

सुबह 10.30 बजे दादाबाड़ी से सदर बाजार जैन मंदिर के लिए चैत्य परिपाटी निकाली गई। श्रीसंघ के श्रद्धालु धार्मिक भाव के साथ इसमें शामिल हुए और विभिन्न जिनालयों के दर्शन का लाभ लिया। इस अवसर पर सदर बाजार मंदिर में विशेष सजावट भी की गई। मंदिर में आकर्षक रंगोली और भगवान की भव्य आंगी सजाई गई। वहीं पुरुषों द्वारा विशेष मांडला भी तैयार किया गया।

पर्यूषण के अंतिम दिन गूंजा पांच ज्ञान का संदेश, कल्पसूत्र पर हुआ विशेष प्रकाशन

नवकार नगर स्थित श्री मुनि सुब्रत स्वामी जिनालय में पर्युषण महापर्व के आठवें एवं अंतिम दिन धार्मिक वातावरण और अधिक भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मुनि सर्वार्थ रत्न सागर जी म.सा. एवं मुनि सन्व रत्न सागर जी म.सा. ने श्रद्धालुओं के बीच जैन धर्म के पांच ज्ञान मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्याय ज्ञान और केवलज्ञान का विस्तृत वाचन किया। अंतिम दिवस के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया। सुबह से ही जिनालय में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। मुनिश्री ने पांच ज्ञान के स्वरूप, महत्व और आध्यात्मिक पक्ष को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि ज्ञान जैन दर्शन में आत्मा के शुद्ध स्वरूप और आध्यात्मिक उन्नति का महत्वपूर्ण आधार है। मतिज्ञान से लेकर केवलज्ञान तक की यात्रा आत्मिक विकास को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान 1200 कल्पसूत्र पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कल्पसूत्र के माध्यम से जैन परंपरा, तीर्थंकरों के जीवन प्रसंग और धर्म के मूल संदेशों को श्रद्धालुओं के समक्ष रखा गया। मुनिश्री के प्रवचन के दौरान जिनालय का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

बीटीआई ग्राउंड में भव्य नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव, समिति ने लिया निर्णय

रायपुर। शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति द्वारा भव्य नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सिविल लाइन में समिति की बैठक संयोजक संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने आगामी नवरात्रि उत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की। उत्सव को भव्य, व्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा, रास गरबा आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर समिति की टीम द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं एवं गरबा प्रेमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों और पूरा उत्सव अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो।

आयोजन को सफल बनाने की अपील

समिति ने क्षेत्रवासियों के समस्त श्रद्धालुओं से आगामी नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। समिति ने श्रद्धालुओं से मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ इस भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से अनीता खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, मिलिंद गौतम, अमरजीत सिंह, मनोज खुड़यिा, सुनीला अग्रवाल, सुमन मुठा एवं नेहा खंडेलवाल उपस्थित रहे।

समिति के संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 'संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव के आयोजन का यह 15 वां वर्ष है। इस अवसर पर मां दुर्गा की विधि-विधान से आराधना के साथ पारंपरिक रास गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण में मां जगदंबा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही रास गरबा के माध्यम से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

गणेशोत्सव पर महाराष्ट्र मंडल में हिंदी नाटक जस्टिस का यादगार मंचन

सस्पेंस और थ्रिलर से भरे नाटक 'जस्टिस' के दृश्य और पात्रों के अभिनय ने दर्शकों को किया रोमांचित

कार्नर न्यूज

रायपर। गणेशोत्सव पर महाराष्ट्र मंडल में हिंदी नाटक जस्टिस का मंचन किया गया। रंगमंच पर सस्पेंस और थ्रिलर से भरे नाटक को देख दर्शक रोमांचित हो उठे। नाटक की पहली दृश्य की शुरूआत पुरानी हवेली में चौकीदार और उसकी बेटी का भजन पर नृत्य, मूसलाधार बारिश, बादल का गर्जन और बारिश के बीच कोई जोर से चिल्लाता है, हवेली में नरकंकाल मिला है, नर कंकाल...। फिर शुरू होती लोगों की गॉसिप, कोई आश्चर्यजनक ढंग से कहता है कि सालों से हवेली में कोई आया नहीं फिर नर-कंकाल आया कहां से। वहीं दूसरा कहता है यह तो मंत्री की हवेली है, तभी मंच पर अंधेरा दिखाई पड़ता है और मंच के एक कोने में एक झूले वाली चेयर में जज के लिबाज में बैठे एक आदमी की आवाज आती है, घबराइए नहीं, आप लोग सही पहचान रहे हो मैं मृत केएल माथुर ही हूं और फिर शुरू होता है 40 मिनट का थ्रिलर ड्रामा। यह रोमांचित करता दृश्य है हिंदी नाटक 'जस्टिस' की, जिसका मंचन मंगलवार को शाम 7.30 बजे महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर किया गया। मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव के दूसरे दिन पवन ओगले लिखित और आचार्य रंजन मोड़क निर्देशित हिंदी नाटक 'जस्टिस' की केंद्रीय भूमिका यानी मृत जज की भूमिका में आचार्य चेतन गोविंद दंडवते प्रभावशाली अभिनय करते दिखे। उनकी दमदार आवाज से लोगों को अंत तक बांधे रखा। महाराष्ट्र मंडल के सदस्य कुणाल ने बताया कि यह पूरा नाटक काल्पनिक पात्र एवं घटना पर आधारित रहा।



मंच सज्जा और बैकग्राउंड म्यूजिक ने बनाया प्रभावशाली

बैकग्राउंड म्यूजिक के माध्यम से नाटक को और भी डरावना और रोमांचक बनाने के लिए अस्मि जैन के साथ चैतन्य मोडक ने खासी मेहतन की है। गौरव वर्मा व लोकेश साहू का प्रकाश संयोजन और प्रकाश गुरव व नानक गहलोत का मंच सज्जा 'जस्टिस' और भी प्रभावशाली बन गया। इस तरह से संगीत, वेशभूषा, मंच सज्जा और प्रकाश संयोजन ने नाटक को प्रभावशाली बनाया।

नाटक देखने दर्शकों का उमड़ा हुजूम

गणेशोत्सव के अवसर पर आयोजित इस नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में हर वर्ग के नाट्यप्रेमी पहुंच रहे। महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर दर्शकों से भरा रहा। लोग फैमिली, फ्रेंड्स के साथ नाटक देखने पहुंचे। देर शाम तक नाटक का लुफ्त उठाते रहे। दर्शकों ने बेहद प्रभावशाली और मनोरंजक नाटक प्रस्तुति के लिए नाट्य निर्देशक व पात्र अभिनेताओं की सराहना किया।

हेल्थ टिप्स

लाइफ स्टाइल से उपजी सेहत की गड़बड़ी दूर करती है साइकिल

बिगड़ती लाइफस्टाइल मोटापे के साथ-साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रही है। ऐसे में इन समस्याओं से बचाव करने के लिए शरीर में कुछ तरह की एक्टीविटी जरूरी है, ताकि शरीर को स्वस्थ्य रखने में कुछ मदद मिल सके। ऐसे में साइकिलिंग एक बेहतरीन एक्टिविटी साबित हो सकती है। साइकिलिंग करके खुद के शरीर को एक्टिव और फिट बनाना आसान हो सकता है। वजह यह है कि इसे भी एक तरह की एक्सरसाइज ही माना जाता है।

लाइफस्टाइल की बीमारियों पर साइकिल चलाने का असर

जब आप साइकिल चलाते हैं, तो यह पूरे शरीर के लिए एक कार्डियोवैस्कुलर वर्कआउट की तरह काम करती है। यह आपकी मांसपेशियों, फेफड़ों, दिल और दिमाग को एक साथ सक्रिय करती है।

दिल की सेहत में सुधार और ब्लड प्रेशर नियंत्रण

दिनभर बैठे रहने से रक्त संचार प्रभावित होता है, जिससे नसों में ब्लॉकेज और हाई बीपी का खतरा बढ़ता है। साइकिल चलाने से हृदय की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और दिल की धड़कन (Heart Rate) बेहतर होती है।

नियमित साइकिलिंग से शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है और अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। यह रक्त वाहिकाओं को लचीला बनाती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या नियंत्रित रहती है।

वजन नियंत्रण और मोटापे से मुक्ति

खराब जीवनशैली का सबसे पहला असर मोटापे के रूप में सामने आता है, जो अन्य कई बीमारियों की जड़ है। रोजाना 30 से 45 मिनट साइकिल चलाने से लगभग 300 से 500 कैलोरी बर्न होती है। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करती है, जिससे वर्कआउट के बाद भी कैलोरी बर्न होने की प्रक्रिया जारी रहती है। पेट और जांघों की जिद्दी चर्बी को कम करने में यह बेहद प्रभावी है।

टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम

शारीरिक निष्क्रियता के कारण शरीर में इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं हो पाता, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। साइकिल चलाते समय मांसपेशियां ग्लूकोज का उपयोग ऊर्जा के रूप में करती हैं। इससे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार होता है और टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों का शुगर लेवल नियंत्रित रहता है।

जोड़ों के दर्द और अर्थराइटिस से राहत

उम्र बढ़ने या भारी व्यायाम (जैसे रनिंग या हैवी वेट लिफ्टिंग) से अक्सर घुटनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। साइकिल चलाना एक 'लो-इम्पैक्ट' एक्सरसाइज है। इसमें शरीर का वजन साइकिल की सीट पर रहता है, जिससे घुटनों और टखनों के जोड़ों पर झटका या अत्यधिक दबाव नहीं पड़ता। यह घुटनों के आसपास की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है, जिससे जोड़ों का दर्द कम होता है।

तनाव से मुक्ति

डिजिटल युग में मानसिक तनाव, डिप्रेशन और एंग्जाइटी लाइफस्टाइल की बड़ी समस्याएं बन चुकी हैं। साइकिल चलाने से शरीर में एंडोर्फिन और डोपामाइन जैसे 'फील-गुड' हार्मोन्स का स्राव होता है। खुली हवा में साइकिल चलाने से मन शांत होता है, मूड बेहतर होता है और अनिद्रा की समस्या से राहत मिलती है।

पाचन तंत्र की मजबूती

गलत खान-पान और शारीरिक गतिविधि न होने से कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याएं बनी रहती हैं। साइकिल चलाने से पेट की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं और आंतों की गतिशीलता बढ़ती है। इससे भोजन जल्दी और सही तरीके से पचता है।

साइकिलिंग के अन्य प्रमुख शारीरिक व व्यावहारिक फायदे

इम्युनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) में वृद्धि: नियमित साइकिल चलाने से शरीर की श्वेत रक्त कोशिकाएं अधिक सक्रिय रहती हैं, जिससे मौसम बदलने पर होने वाले संक्रमणों से बचाव होता है। फेफड़ों की क्षमता बढ़नाः एरोबिक गतिविधि होने के कारण फेफड़े अधिक ऑक्सीजन खींचते हैं।

भागदौड़ की जिंदगी के बीच इन्हें भी जानना जरूरी

अचानक घबराहट और चिंता जैसी परेशानी अब आम हो चली हार्ट अटैक से मिलते-जुलते होते हैं पैनिक अटैक के लक्षण

आपने भी कई लोगों को पैनिक अटैक की समस्या से परेशान देखा होगा। अचानक घबराहट और चिंता की ये समस्या भय की शारीरिक संवेदनाओं का कारण बनती है। इस स्थिति में दिल की धड़कनों के तेज होने, सांस लेने में तकलीफ होने, चक्कर आने, कंपकंपी और मांसपेशियों में दर्द की दिक्कत हो सकती है। पैनिक अटैक अक्सर अप्रत्याशित रूप से होते हैं और अक्सर किसी बाहरी खतरे से संबंधित नहीं होते हैं। पैनिक अटैक की स्थिति में आपको ऐसा लग सकता है जैसे आप शरीर से नियंत्रण खो रहे हैं या आपको हार्ट अटैक हो रहा है।

कई लोगों को अपने जीवनकाल में एक या दो बार पैनिक अटैक हो सकता है हालांकि ज्यादातर मामलों में ये अपने आप ठीक भी हो जाता है। लेकिन अगर आपको बार-बार, अप्रत्याशित रूप से ये समस्या हो रही है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। कुछ स्थितियों में ये मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम के कारण भी हो सकती है।

हार्ट अटैक जैसे लक्षण पर, ये अलग समस्या है

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पैनिक अटैक की समस्या में ज्यादातर लक्षण हार्ट अटैक जैसे



हो सकते हैं, हालांकि स्थिति का समय पर सही निदान किया जाना आवश्यक माना जाता है। पैनिक अटैक आमतौर पर बिना किसी चेतावनी के अचानक शुरू हो सकता है। पैनिक अटैक कम होने के बाद आप थका

हुआ महसूस कर सकते हैं।

हार्ट अटैक की ही तरह पैनिक अटैक के कारण भी आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, पसीने की समस्या होने लगती है, मितली और छाती में दर्द का भी अनुभव होता रह सकता है। ऐसे ही लक्षण हार्ट अटैक के भी माने जाते रहे हैं।

पैनिक अटैक में और क्या होते हैं लक्षण?

पैनिक अटैक के लक्षण आमतौर पर बिना किसी चेतावनी के अचानक शुरू होते हैं। पैनिक अटैक की सबसे गंभीर दिक्कत ये है कि इसमें लोगों को लगता है उन्हें हार्ट अटैक आ रहा है। पैनिक अटैक की स्थिति में आपको कुछ और तरह की दिक्कतें हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

शैलेश, राजेश, हनी और भरत बने राज्य चैंपियन

रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति की ओर से सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, रायपुर में स्व. ओम प्रकाश शर्मा स्मृति प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन 13 सितंबर हुआ।

- प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का सफल समापन

आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद, एम आई सी सदस्य तथा छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चन्नावर थे। अध्यक्षता रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद ने की। प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की टेक्निकल कमेटी के चेयरमेन अरविंद कुमार शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

रोमांचक मुकाबलों के बीच पुरुष 40+ आयु वर्ग के फाइनल में रायपुर के शैलेश डागा ने दुर्ग के रजनीश ओबेराय को 2-0 से हराकर खिताब जीता, जबकि रायपुर के निशांत क़ानूगा तीसरे स्थान पर रहे। पुरुष 50+ वर्ग में रायपुर के राजेश लुनिया ने बिलासपुर के बी. रविकांत को 2-0 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया और रायपुर महानगर के राजेश शेखर शर्मा तृतीय रहे। पुरुष 60+ वर्ग के खिताबी मुकाबले में बिलासपुर के हनी अरोरा ने रायपुर महानगर के अरविंद कुमार शर्मा को 2-0 से पराजित कर पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह रायपुर के सुशांत बोरवनकर को तीसरा स्थान मिला। पुरुष 65+ वर्ग में रायपुर महानगर के एस.व्ही. पेंढारकर ने बिलासपुर के के. रविशंकर को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराया और कोरिया के पी.एन. मजुमदार तीसरे स्थान पर रहे।

ब्राजील में दम दिखाएंगे भारतीय खिलाड़ी

रायपुर। पिछले दो दिनों से रायपुर में चल रही वर्ल्ड स्कूल स्पोर्ट्स की ताइक्वांडो चयन स्पर्धा का समापन मंगलवार को हो गया। अंतिम दिन खिलाड़ियों ने मैदान पर जमकर पसीना बहाया। जल्द ही प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के अंतर्गत ब्राजील के रियो डी जेनेरियो शहर में होने वाले वर्ल्ड स्पोर्ट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सर्वाधिक खिलाड़ी उत्तराखंड से रहे व सर्वाधिक बालक विजेता भी यही से रहे। बालिका वर्ग मे हरियाणा दूसरी सर्वाधिक खिलाड़िओ के साथ विजेता वर्ग मे भी दूसरे पायदान में रहा। दो दिवसीय स्पर्धा में चौदह सितंबर को बालिका वर्ग के मुकाबलों में 42 किग्रा भार वर्ग में गुजरात की रीवा जाजू विजेता और हिमाचल प्रदेश की शलिया भाटिया उपविजेता रहीं। 44 किग्रा में हरियाणा की ऋषिका विजेता तथा कर्नाटक की फिरदौस उपविजेता बनीं। 49 किग्रा में हरियाणा की रिया विजेता और सीबीएसई की कुरल उपविजेता रहीं।

55 किग्रा में मिजोरम की वनलालथलालमुयपु विजेता और उत्तराखंड की आस्था उपविजेता बनीं। 63 किग्रा में मध्य प्रदेश की मान्या मिश्रा ने पहला स्थान पाया, जबकि महाराष्ट्र की ऋद्धि दीपक दूसरे स्थान पर रहीं। 68 किग्रा से अधिक भार वर्ग में महाराष्ट्र की कार्तिकी विजेता और आंध्र प्रदेश की दाबूरी सत्या उपविजेता रहीं। इसके पश्चात मंगलवार को हुए बालिका वर्ग के मुकाबलों में 46 किग्रा भार वर्ग में पंजाब की आंचल शर्मा विजेता और चंडीगढ़ की परमजीत उपविजेता बनीं। बावन किग्रा में उत्तराखंड की पूर्णिमा उपाध्याय विजेता तथा अरुणाचल प्रदेश की युवरा यामिनी उपविजेता रहीं। 59 किग्रा में केवीएस की दिव्याना विजेता और हरियाणा की भूमिका उपविजेता बनीं, जबकि 68 किग्रा में उत्तर प्रदेश की नव्या सिंह ने जीत दर्ज की और जीनेसिस जैन उपविजेता रहीं।

बालक वर्ग के मुकाबलों में 14 सितंबर को पैंतालीस किग्रा भार वर्ग में दिल्ली के लव शर्मा विजेता और मध्य प्रदेश के अनुज मालवीय उपविजेता बने। 48 किग्रा में उत्तराखंड के मोक्ष विजेता तथा चंडीगढ़ के रौनक उपविजेता रहे। 55 किग्रा में आर्यन विजेता और ओडिशा के रुद्र उपविजेता बने। 59 किग्रा में गुजरात के अर्णव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि जम्मू के नासिरुल उपविजेता रहे। 63 किग्रा में उत्तराखंड के हर्षित विजेता और सीआईएससीई के वीर उपविजेता बने। 51 किग्रा में बिहार के हिमांशु विजेता तथा केवीएस के विराज उपविजेता रहे। 73 किग्रा में जम्मू-कश्मीर के अब्दुल विजेता और राजस्थान के दैविक उपविजेता रहे, वहीं 78 किग्रा से अधिक भार वर्ग में महाराष्ट्र के आर्यन विजेता और सीआईएससीई के शिवांक उपविजेता रहे। इस राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी जी. एम. सतीश कुमार तथा सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी छाया प्रकाश राव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

बिजनेस साइट

गावरी हॉस्पिटल ने चिकित्सा सेवाओं का किया विस्तार, अब यूरोलॉजी व एंड्रोलॉजी की भी सुविधा

रायपुर। महिलाओं के स्वास्थ्य, गायनेकोलॉजी और आईवीएफ सेवाओं के क्षेत्र में पहचान बना चुके गावरी हॉस्पिटल ने अपनी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करते हुए अब यूरोलॉजी एवं एंड्रोलॉजी को भी शामिल किया है। फाफाडीह स्थित गावरी आईवीएफ सेंटर एवं नर्सिंग होम में इंफर्टिलिटी, आईवीएफ,

ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी और फीटल मेडिसिन के साथ पुरुषों व महिलाओं की यूरोलॉजिकल समस्याओं के उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। यूरोलॉजी सेवाओं की कमान डॉ. अभिषेक गावरी संभाल रहे हैं। यहां किडनी स्टोन के लिए पीसीएनएल, आरआईआरएस, यूरेट्रिक स्टोन के लिए यूआरएसएल, ब्लैडर स्टोन, बीपीएच, ब्लैडर कैंसर और मूत्र नली की सिकुड़न जैसी समस्याओं के उपचार की सुविधा है। पुरुष बांझपन व यौन संबंधी समस्याओं तथा महिलाओं में यूरिन लीकेज के लिए भी विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध है। वहीं डॉ. पालक गावरी की देखरेख में आईवीएफ एवं इंफर्टिलिटी सेवाएं और डॉ. कृतिका गावरी की विशेषज्ञता में फीटल मेडिसिन व हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की सेवाएं जारी हैं। अस्पताल के अनुसार केंद्र राष्ट्रीय एआरटी एवं सॉरोगसी रजिस्ट्री में पंजीकृत है।

बीएमसी कैंसर कॉन्क्लेव में जुटेंगे देश-दुनिया के विशेषज्ञ

रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) की ओर से चौथा बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव 18 से 20 सितंबर तक नया रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिजॉर्ट्स में आयोजित होगा। इसके साथ चूजिंग वाइजली इंडिया की सातवीं बैठक भी होगी। आयोजन में यूके, अमेरिका, यूएई, नेपाल, श्रीलंका, इजराइल, बेल्जियम, कनाडा और स्विट्जरलैंड से 11 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ तथा देशभर के 200 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम 'कैंसर उपचार में संतुलन की पुनर्स्थापना' रखी गई है। स्तन, स्त्री रोग संबंधी तथा मूत्र-जनन तंत्र के कैंसर पर विशेष चर्चा होगी। मरीज-केंद्रित उपचार, अनावश्यक उपचार से बचाव और वैज्ञानिक प्रमाणों के प्रभावी उपयोग पर विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे। तीन दिवसीय आयोजन में 20 से अधिक परिचर्चाएं, बहु-विषयक सत्र, वाद-विवाद, लाइव सर्जरी प्रदर्शन और प्रशिक्षण कार्यशालाएं होंगी। आनुवंशिक जांच, सटीक उपचार, रेडिएशन, पैथोलॉजी, एआई और न्यूक्लियर मेडिसिन जैसे विषय भी चर्चा में रहेंगे।

इंडियन बैंक को लगातार तीसरी बार राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

रायपुर। इंडियन बैंक को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2025-26 का राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। नवी मुंबई स्थित सिडको एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के हिंदी दिवस समारोह में बैंक को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बैंक के कार्यपालक निदेशक शिव बजरंग सिंह ने गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार एवं नित्यानंद राय के हाथों यह पुरस्कार ग्रहण किया। समारोह में राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या भी उपस्थित रहीं। इंडियन बैंक को यह सम्मान लगातार तीसरे वर्ष मिला है। इस अवसर पर बैंक की कॉफी टेबल पुस्तक 'मैं दिल्ली हूँ' का लोकार्पण भी किया गया। इसके अलावा चेन्नै नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी तथा कांचीपुरम और पुदुच्चेरी समितियों को प्रशंसनीय श्रेणी में नराकास राजभाषा सम्मान प्रदान किया गया। बैंक ने सम्मेलन में राजभाषा प्रदर्शनी का स्टॉल भी लगाया।





फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

दर्शकों की रिकॉर्ड-तोड़ वापसी, हो रही हॉलीवुड की छप्पर फाड़ कमाई

हॉलीवुड फिल्म उद्योग ने इस साल सिनेमाघरों में दर्शकों की रिकॉर्ड-तोड़ वापसी के साथ एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। मई से अगस्त के बीच ग्रीष्मकालीन बॉक्स ऑफिस ने केवल उत्तरी अमेरिका में $4.6 बिलियन की कमाई की, जो पिछले दशक में किसी भी गर्मी के मौसम में दर्ज की गई सबसे अधिक कमाई है। उद्योग विश्लेषकों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान महामारी और राइटर्स-एक्टर्स स्ट्राइक के कारण फिल्म उद्योग को जो आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था, यह रिकवरी उससे पूरी तरह से बाहर निकलने का संकेत है। सिनेमाघर मालिकों के अनुसार, इस बार दर्शकों को खींचने में पारंपरिक फ्रेंचाइजी फिल्मों के बजाय मूल पटकथाओं और नई पीढ़ी के निर्देशकों का सबसे बड़ा योगदान रहा। इस शानदार कमाई में सबसे बड़ा हिस्सा क्रिस्टोफर नोलन की महाकाव्य कृति 'द ओडिसी' का रहा, जिसने दुनिया भर में लगभग $1.6 बिलियन का आंकड़ा छू लिया है। इसके अलावा, मार्वल और सोनी की ब्लॉकबस्टर 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' ने वैश्विक स्तर पर $2.34 बिलियन की ऐतिहासिक कमाई करके हॉलीवुड के सबसे सफल प्रोजेक्ट्स में अपना नाम दर्ज कराया। दिलचस्प बात यह रही कि जहां कुछ बड़ी बजट की फ्रेंचाइजी फिल्में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाईं, वहीं कम बजट में बनी इंडिपेंडेंट और हॉरर फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। डिजिटल प्लेटफॉर्म से निकले युवा कंटेंट क्रिएटर्स और ए 24 (ए 24) जैसी प्रोडक्शंस की फिल्मों को जनरेशन-ज़ेड (जेन-जी) दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया, जिससे मल्टीप्लेक्स और आईमैक्स थिएटर्स में दर्शकों की संख्या में 26% की भारी वृद्धि दर्ज की गई।

टॉलीवुड

कृष्णावतारम के सीक्वल की चर्चा नवरात्रि में री-रिलीज करने का भी प्लान

भगवान कृष्ण पर बनी फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट (हृदयम)' के बाद अब मेकर्स ने इसके अगले पार्ट्स को लेकर बड़ा खुलासा किया है। इसका निर्देशन हार्दिक गज्जर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ गुप्ता ने कृष्ण का किरदार निभाया है। वहीं सुष्मिता भट्ट राधा, निवाशिनी कृष्णन रुक्मिणी और संस्कृति जयंना सत्यभामा के रोल में नजर आई हैं। फिल्म 7 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसके अगले पार्ट को लेकर प्रोड्यूसर ने बड़ा अपडेट शेयर किया है।
फिल्म की निर्माता शोभा संत ने बताया है कि फ्रेंचाइजी के दूसरे और तीसरे पार्ट की स्क्रिप्ट पर एक साथ काम चल रहा है। फिल्म का अगला पार्ट बड़े लेवल पर बनाया जाएगा और इसमें काफी वीएफएक्स का इस्तेमाल होगा। इसी वजह से पार्ट 2 को सिनेमाघरों तक पहुंचने में समय लगेगा। फिलहाल इसे 2028 में रिलीज करने की योजना है। मेकर्स अब पहली फिल्म को एक बार फिर दर्शकों के बीच लाने की तैयारी कर रहे हैं। साजन राज कुरुप के मुताबिक, फिल्म का इंग्लिश वर्जन अक्टूबर में विदेशों में रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा नवरात्रि के दौरान फिल्म को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज करने का भी प्लान है। इस बार हिंदी वर्जन के साथ फिल्म को दूसरी भारतीय भाषाओं में भी डब करके दिखाया जाएगा। आगे चलकर 'कृष्णावतारम' को तमिल, तेलुगु, मलयालम और अंग्रेजी में भी दर्शकों तक पहुंचाने की तैयारी है। मेकर्स ने फिल्म के ओटीटी और सैटेलाइट राइट्स को फिलहाल अपने पास रखने का फैसला किया है।

छॉलीवुड

मयारू भौजी 3' का शानदार मुहूर्त दर्शकों को फिल्म का रहेगा इंतजार

छत्तीसगढ़ी सिनेमा की फिल्म फ्रेंचाइजी 'मयारू भौजी' की तीसरी कड़ी 'मयारू भौजी 3' का मुहूर्त पाटन, दुर्ग में संपन्न हुआ। मोहन सुंदरानी प्रोडक्शन की इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का दर्शकों को इंतजार है। फिल्म 'मयारू भौजी 3' को मोहन सुंदरानी प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता विजय सुंदरानी हैं, जबकि हितेन्द्र सुंदरानी सह-निर्माता की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। फिल्म का निर्देशन उत्तम तिवारी करेंगे और सह-निर्देशक अर्जुन परमार हैं। फिल्म की तकनीकी टीम में डीओपी राज ठाकुर, एडिटर नीरज वर्मा, मेकअप विलास राउत, कॉस्ट्यूम रज्जू सरकार तथा आर्ट डायरेक्शन चन्दूलाल वर्मा शामिल हैं। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य श्रेष्ठ स्टूडियो, रायपुर द्वारा किया जाएगा। वहीं डीआई और ऑडियो मिक्स की जिम्मेदारी भी नीरज वर्मा संभालेंगे। फिल्म के प्रोडक्शन की जिम्मेदारी धनराज साहू और मोहित साहू के पास है। एक्शन जानसन अरूण 'तम्बी' संभालेंगे। नृत्य निर्देशन के लिए नंदू तांडी, चंदनदीप, विलास राउत और सतीश साहू जुड़े हैं। गौरतलब है कि 'मयारू भौजी 2' को छत्तीसगढ़ में दर्शकों, खासकर महिला दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी और फिल्म ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे कर ब्लॉकबस्टर सफलता हासिल की थी। इसी सफलता और दर्शकों की मांग को देखते हुए अब 'मयारू भौजी 3' की तैयारी शुरू की गई है। तीसरे भाग को लेकर निर्माताओं की कोशिश है कि कहानी में पारिवारिक भावनाओं, मनोरंजन, संगीत और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का ऐसा मेल हो, जो दर्शकों को एक बार फिर सिनेमाघरों तक खींचकर लाए। मुहूर्त के साथ ही फिल्म के निर्माण की औपचारिक शुरुआत हो गई है और जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। 'मयारू भौजी 3' से जुड़ी कहानी, कलाकारों और रिलीज डेट की विस्तृत जानकारी आने वाले दिनों में सामने आएगी।

देवियां पेरिस में

पेरिस फैशन वीक में भारतीय डिजाइनर राहुल मिश्रा ने अपने नए कलेक्शन 'देवी: द इटरनल म्यूज'से तहलका मचा दिया। अपनी इस थीम में उन्होंने 2000 साल पुराने प्राचीन मंदिर की मूर्तियों और भारतीय संस्कृति को मॉडर्न कपड़ों में बेहद खूबसूरत ढंग से रैंप पर उतारा। ऑटम-विंटर 2026-27 कलेक्शन में राहुल मिश्रा ने पेरिस के रैंप को भारत की पुरानी मूर्तियों और वास्तुकला के एक खूबसूरत नजारे में बदल दिया। उन्होंने ये साबित कर दिया कि फैशन सिर्फ अच्छे कपड़े पहनना नहीं, बल्कि एक गाथा सुनाना भी है.

लाइफ स्टाइल

घर पर फुट स्पा करते हुए इन टिप्स को करें फॉलो

पूरा दिन काम करने के बाद जब हम थक जाते हैं तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है फुट स्पा। अक्सर छुट्टी के दिन खुद को पैम्पर करने के लिए या फिर अपनी थकान दूर करने के लिए हम घर पर ही फुट स्पा करते हैं। यह यकीनन खुद को आराम पहुंचाने का एक अच्छा तरीका है। लेकिन जब आप घर पर फुट स्पा कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। घर पर फुट स्पा करते हुए आपको हेल्प करने वाला कोई नहीं होता है, इसलिए आपको सारी तैयारी खुद ही करनी होती है। कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में आपको जानना चाहिए, जिन्हें आपको फुट स्पा करते हुए ध्यान में रखना चाहिए-

अपने सामान को करें इकट्ठा

अगर आप घर पर फुट स्पा कर रही हैं तो ऐसे में आपको सबसे पहले सारा सामान इकट्ठा करना चाहिए। दरअसल, जब आप फुट स्पा करती हैं तो ऐसे में बीच में आपको सामान देने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए, आप फुट स्पा के दौरान काम में आने वाली चीजें जैसे टब, एप्सम सॉल्ट, गर्म पानी, तौलिए, फुट स्क्रब,

मॉइश्चराइजिंग लोशन, नेल क्लिपर, फाइल आदि को एक जगह रखें। इससे आपके लिए फुट स्पा करना अधिक रिलैक्सिंग होगा।

पैरों को करें प्रिपेयर

सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन फुट स्पा करने से पहले अपने पैरों को प्रिपेयर करना भी उतना ही जरूरी होता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले अपने नेल्स को काटकर शेप दें। साथ ही, अगर नेल्स पर नेल पॉलिश लगी है तो उसे रिमूव कर दें और पैरों को अच्छी तरह धो लें। इस तरह जब आप पहले पैरों को प्रिपेयर करते हैं तो फुट स्पा के दौरान आपको अधिक आसानी होगी।

पानी के टेंपरेचर का रखें ध्यान

फुट स्पा के दौरान आपको पानी के टेंपरेचर का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए। अगर पानी बहुत अधिक गर्म या ठंडा होता है तो इससे आपको स्पा का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप टब में गुनगुना पानी डालें। साथ ही, इसमें एप्सम सॉल्ट डालें। इससे आपकी मसल्स रिलैक्स होती हैं। साथ ही, आप पैरों को लगभग 15-20 मिनट तक भिगोकर रखें। इससे पैरों की डेड स्किन को रिमूव करने में मदद मिलती है।

करें एक्सफोलिएट और मसाज

जब भी आप घर पर फुट स्पा करती हैं तो आपको थोड़ा वक्त निकालकर ऐसा करना चाहिए। कई बार हम जल्दबाजी करते हैं और पैरों को भिगोने के तुरंत बाद उसे एक्सफोलिएट करना शुरू कर देते हैं। लेकिन वास्तव में आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। कम से कम 15 मिनट तक पैरों को भिगोकर रखें।

डीप नेक ब्लाउज में दिखेंगी स्टनिंग अगर इन टिप्स को करेंगी फॉलो

जब हम साड़ी या लहंगा पहनते हैं तो उसमें स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करवाते हैं। इनमें डीप नेक ब्लाउज यकीनन काफी स्टाइलिश लगते हैं। डीप नेक ब्लाउज आपको एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। हालांकि, इन्हें सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है, ताकि आप एलीगेंस के साथ इसे कैरी कर सकें। अगर डीप नेक ब्लाउज को सही तरह से स्टाइल ना किया जाए तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको डीप नेक ब्लाउज को पहनते समय ध्यान में रखना चाहिए-

ब्लाउज के साथ ब्रा

जब आप डीप नेक ब्लाउज को स्टाइल कर रही हैं तो आपको उसके साथ-साथ ब्रा पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी ब्रा सही नहीं होगी तो यह ब्लाउज में विजिबल होगी। ऐसे में आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। कोशिश करें कि आप ऐसी ब्रा चुनें, जो आपके ब्लाउज की नेकलाइन को कॉम्पलीमेंट करती हो। आप चिपकने वाली या सिलिकॉन ब्रा पहन सकती हैं।

स्टाइलिश हो एक्सेसरीज

जब आप डीप नेक ब्लाउज कैरी करती हैं तो उसके साथ सही एक्सेसरीज पहनकर आप एक स्टेटमेंट लुक कैरी कर सकती हैं। मसलन, डीप नेक ब्लाउज के साथ चंकी नेकलेस या चोकर स्टाइल किया जा सकता है।

फिटिंग को करें चेक

डीप नेक ब्लाउज में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब उसकी फिटिंग अच्छी हो। सही ढंग से सिलवाया गया ब्लाउज न केवल दिखने में अच्छा लगेगा, बल्कि इससे आपको सही कवरेज भी मिलेगा। डीप नेक ब्लाउज देखने में काफी स्टनिंग लगता है। लेकिन इसमें आपका लुक तभी स्टाइलिश लगता है।

बिना काटे दोमुंहे बालों से इस तरह पाएं छुटकारा

अगर आप दोमुंहे बालों की समस्या से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए घरेलु नुस्खे आजमा सकती हैं। स्प्लिट एंड्स यानि दोमुंह बाल तब होते हैं जब बाल बहुत रुखे हो जाते हैं, जिसकी वजह से छल्ली, जो बालों की सबसे ऊपरी सुरक्षात्मक परत होती है, बालों के सिरों से अलग हो जाती है और फिर सिरे दो भागों में बंट जाते हैं। बालों के सिरों को समय-समय पर ट्रिम करना दोमुंहे बालों को रोकने का एक आसान तरीका है। लेकिन आप कई घरेलू उपचार या फिर टिप्स की सहायता से इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। दोमुंहे बालों को कम करने आप गर्म तेल की मदद ले सकती हैं। बस आप हफ्ते में दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके अपने बालों में लगाएं। साथ ही, दोमुंहे बालों के सिरों पर भी लगाएं। फिर एक तौलिये को गर्म पानी में डुबोएं और पानी को निचोड़ें। फिर गर्म तौलिया को सिर पर पगड़ी की तरह लपेट दें। इसे 5 मिनट तक लगाकर ऐसे ही रहने दें। आप अपने सिर पर गर्म तौलिया को लपेटने की प्रक्रिया को कम से कम 3 से 4 बार दोहराएं। यह बालों और

स्कैल्प के तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे दोमुंहे बाल खुद ही ठीक हो जाते हैं।

ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को वॉश करने के कई फायदे

ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को साफ करने से भी आपको ढेरों फायदे मिलेंगे। खासतौर पर अगर आपकी त्वचा बहुत अधिक ऑयली है, तो ग्रीन-टी आपकी त्वचा से निकलने वाले एक्स्ट्रा ऑयल को कम करती है। मौसम गर्मी का हो या फिर सर्दियों का, अगर आपकी त्वचा सूर्य के संपर्क में आती हैं, तो टैनिंग होना लाजमी है। त्वचा को सूर्य की तेल किरणों से बचाना तो आसान नहीं है मगर त्वचा पर टैनिंग न हो इसके लिए हम ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को साफ कर सकती हैं।
ग्रीन-टी में एक्सफोलिएटिंग पावर होती है, साथ ही यह त्वचा को सूर्य की यूवी किरणों से डैमेज होने से बचाती है। अगर आप भी रोज सुबह उठते ही ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को वॉश करती हैं तो आपको टैनिंग की समस्या में राहत मिलेगी। ग्रीन-टी का पानी मुंहासे की संभावनाओं को भी कम करता है। दरअसल, ग्रीन-टी में त्वचा से निकलने वाले एक्सट्रा ऑयल को कंट्रोल करने की क्षमता होती है और इस वजह से होने वाली मुंहासे की संभावना भी कम हो जाती है। अगर आपके पहले से ही मुंहासों की समस्या है तो भी आप ग्रीन-टी का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसमें नींबू के रस की

5 से 7 बूंदे मिक्स कर सकती हैं और इस मिश्रण से चेहरे को साफ कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

कई रंगो में फैशन की बहार

सितंबर के बदलते मौसम में निखारें अपना फैशन सप्ताह के अलग-अलग दिनों में अपनाएं इन्हें

सितंबर का महीना मौसम में एक सुखद बदलाव लेकर आता है। मानसून की विदाई और हल्की गुलाबी ठंड की आहट के बीच यह महीना अपनी अलमारी को एक नया मेकओवर देने के लिए सबसे सही समय माना जाता है। इस सुहावने मौसम में न तो बहुत ज्यादा गर्मी होती है और न ही कड़ाके की ठंड, इसलिए कपड़ों के चयन में प्रयोग करने के लिए यह समय बेहद अनुकूल रहता है। अक्सर लोग समझ नहीं पाते कि बदलते मौसम के अनुसार रोजाना किस तरह के और किस रंग के कपड़े पहनें ताकि वे ट्रेंडी और आरामदायक महसूस कर सकें।

लाल रंग (उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक)

सितंबर की शुरुआत में मौसम में थोड़ी नमी और ताजगी रहती है। ऐसे में सप्ताह के शुरुआती दिनों में लाल रंग का आउटफिट पहनना एक बेहतरीन विकल्प है। लाल रंग देखने में काफी निखरकर आता है और यह आपके लुक में तुरंत एक नया उत्साह और आत्मविश्वास जोड़ देता है। महिलाएं लाल रंग की कुर्ती, टॉप या कॉटन की लाइट साड़ी चुन सकती हैं, जबकि पुरुषों के लिए लाल या मैरून रंग की कैजुअल शर्ट या कुर्ते का विकल्प बाजार में आसानी से मिल जाता है।

हरा रंग (प्रकृति और ताजगी का अहसास)

सितंबर में चारों ओर बिखरी हरियाली के बीच हरा रंग बेहद शांत और आकर्षक लगता है। इस मौसम में हल्के या गहरे हरे रंग के आउटफिट का चयन करें। पुरुषों के लिए हरे रंग की लिनेन शर्ट या टी-शर्ट इस मौसम के लिए एकदम सही है। वहीं महिलाओं के लिए हरे रंग में अनारकली सूट, कॉटन ड्रेसेस या प्रिंटेड टॉप्स के अनगिनत विकल्प मौजूद हैं, जो दिन के समय पहनने पर बहुत तरोताजा लुक देते हैं।

पीला रंग (चमकदार और सकारात्मक वाइब्स)

सितंबर की हल्की खिली हुई धूप में पीला रंग बेहद खूबसूरत दिखाई देता है। पीला रंग सकारात्मकता और ताजगी का प्रतीक माना जाता है। इस रंग के हल्के कॉटन के कपड़े इस मौसम में शरीर को आराम भी पहुंचाते हैं। पीले रंग की शर्ट, कुर्ती या फ्लोरल प्रिंटेड ड्रेसेस आपको भीड़ से अलग और फ्रेश लुक देती हैं।

नारंगी रंग (सोबर और स्टाइलिश लुक)

शाम के समय दोस्तों या परिवार के साथ बाहर निकलने के लिए नारंगी या ऑरेंज शेड के कपड़े बहुत अच्छे लगते हैं। यह रंग न तो बहुत ज्यादा भड़कीला होता है और न ही फीका। नारंगी रंग के एथनिक या वेस्टर्न वियर इस सुहावने मौसम में आपकी शैली में एक नया रंग जोड़ते हैं।

पेस्टल कलर्स (वीकेंड का सुहावना अंदाज)

सितंबर के हफ़्ते के आखिरी दिनों या वीकेंड पर रिलैक्स महसूस करने के लिए पेस्टल शेड्स जैसे लाइट पिंक, स्काई ब्लू या मिंट ग्रीन रंग के कपड़े पहनें। ये रंग आंखों को ठंडक पहुंचाते हैं और देखने में बेहद क्लासी लगते हैं। यदि आप अपने दोस्तों या करीबियों के साथ बाहर जा रहे हैं, तो पेस्टल रंगों के कॉम्बिनेशन में मैचिंग आउटफिट्स पहनना काफी स्टाइलिश लुक देता है।